नई दिल्ली
गुरुवार, 18 सितंबर 2025
अशिवन मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 155
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 36
न्यून. 26


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### वरुण बने दुनिया के नंबर एक टी20 गेंदबाज



**दुबई।** आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहली बार नंबर एक स्थान लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह तीसरे भारतीय गेंदबाज बनें हैं।आईसीसी ने बयान में कहा कि भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला। आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय प्लेयर रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

### सीधे दिमाग पर अटैक अब तक 19 की मौत

**नई दिल्ली ।** केरल से परेशान करने वाली खबर सामने आई है, यहां प्राथमिक अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (पीएएम) के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दिया है। यह एक मस्तिष्क संक्रमण है जिसकी मृत्यु दर बहुत अधिक है। यह संक्रमण नेगलेरिया फाउलेरी के कारण होता है, जिसे आमतौर पर 'दिमाग खाने वाले अमीबा' के रूप में जाना जाता है। इस साल, केरल में पीएएम के 61 मामले सामने आए हैं और 19 मौतें दर्ज की गई हैं।

## विश्व नेताओं ने सोशल मीडिया पर अनोखे अंदाज में दी पीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं


# ट्रंप से लेकर पुतिन, नेतन्याहू, सुनक, अल्बानीस और मेलोनी समेत कई नेताओं ने दी बधाई

- *रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने के लिए दिए जा रहे भारत के सहयोग की अमेरिकी राष्ट्रपति ने की सराहना*
- *पुतिन से बोले मोदी, भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते मंगलवार देर रात से लेकर बुधवार का पूरा दिन सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन से जुड़े हुए बधाई संदेशों के नाम रहा। जिसमें घरेलू स्तर से इतर सबसे ज्यादा ध्यान खींचा दुनियाभर के देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा पीएम को भेजे गए बेहद आकर्षक लिखित और वीडियो शुभकामना संदेशों ने। इनमें भी अव्वल रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। जिन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मंगलवार देर रात ही उन्हें फोन कॉल और ट्रुथ सोशल पर की गई अपनी एक पोस्ट के जरिए विशेष रूप से बधाई दी। इस साल 17 जून को कनाडा में हुए जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन से इतर दोनों नेताओं की बातचीत के बाद टेलीफोन पर हुआ यह पहला संवाद था। जो भारत की रूस से जारी तेल खरीद पर नाराजगी को लेकर अमेरिका द्वारा ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *ट्रंप ने मारी बाजी, बीते मंगलवार को ही पीएम को फोन कर दी जन्मदिन की शुभकामनाएं*



### युद्ध खत्म कराने में भारत का सहयोगः ट्रंप

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर की गई अपनी पोस्ट में कहा, अभी कुछ देर पहले ही मेरे दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन कॉल पर बहुत अच्छी बातचीत हुई है। मैंने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। वह बहुत ही शानदार काम कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को खत्म कराने में सहयोग करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट को लेकर प्रतिक्रिया दी। एक्स पर पोस्ट में सबसे पहले उन्होंने कहा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा मेरे 75 वें जन्मदिन पर की गई आपकी फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। आपकी तरह मैं भी भारत-अमेरिका व्यापक और वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं।

### पुतिन ने सराही भारत-रूस साझेदारी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने बधाई संदेश में भारत-रूस की साझेदारी को मजबूती प्रदान करने के लिए किए गए प्रधानमंत्री मोदी के महान व्यक्तिगत योगदान को लेकर उनकी प्रशंसा की। साथ ही कहा कि आपने अपनी गतिविधियों की वजह से बतौर एक राष्ट्राध्यक्ष के रूप में न केवल अपने हमवतनों के बीच उच्च-स्तर का सम्मान अर्जित किया है। बल्कि इनसे आपको वैश्विक स्तर पर भी अत्यधिक ताकत मिली है। पुतिन का ▸▸ शेष पेज 5 पर

### नेतन्याहू ने जताई पीएम से मिलने की इच्छा

*इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक्स पोस्ट में पीएम मोदी को भेजे अपने बधाई संदेश में उन्हें अपना एक अच्छा दोस्त बताते हुए कहा कि आपने अपने जीवन में भारत के लिए काफी योगदान दिया है। हम दोनों मिलकर भारत-इजरायल की मित्रता को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाएंगे। नेतन्याहू ने पीएम मोदी से जल्द मिलने की इच्छा जताई और कहा कि हम दोनों मिलकर अपने देशों की मित्रता और भागीदारी को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा सकते हैं।*

### सुनक ने मोदी को बताया ब्रिटेन का अच्छा दोस्त

*ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने बधाई संदेश में कहा कि मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन के मौके पर शुभकामनाएं देकर बहुत खुशी हो रही है। अनिश्चितता के दौर में हम सभी को अच्छे दोस्तों की आवश्यकता है और मोदी जी हमेशा से ही मेरे और ब्रिटेन के अच्छे दोस्त रहे हैं। सुनक ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के संबंधों को लगातार मिल रही ताकत को देखकर मुझे खुशी हो रही है। ब्रिटिश-भारतीय परिवार का हिस्सा होने के नाते दोनों देशों का यह संबंध मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रखेगा। उन्होंने 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने को लेकर की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और कहा कि भारत की विश्व स्तर पर मौजूदगी दर्शाने वाला यह शानदार आयोजन बना। सुनक ने जल्द ही प्रधानमंत्री से मिलने की इच्छा भी जताई है।*

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों का योगदान सराहनीय

*ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने पीएम को दिए अपने बधाई संदेश में कहा कि उनका देश गर्व के साथ भारत के साथ अपने मजबूत संबंध और मित्रता पर गर्व की अनुभूति करता है। हम प्रतिदिन भारतीय समुदाय द्वारा ऑस्ट्रेलिया में दिए जाने वाले योगदान के लिए उनके आभारी हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और उन्हें लगातार मजबूती मिलने का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत शानदार प्रगति के साथ ही वैश्विक विकास में योगदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि गेट्स फाउंडेशन भारत के साथ अपनी भागीदारी को बहुत अधिक मूल्यवान समझती है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री को दिए अपने बधाई संदेश में एक्स पर उनके साथ अपनी एक तस्वीर भी साझा की। जिसमें दोनों नेता साथ में हंसते-मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। मेलोनी ने अपनी पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई। करोड़ों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी शक्ति, उनका संकल्प और क्षमता एक प्रेरणास्रोत है। मैं मित्रता और सम्मान के साथ उनके स्वस्थ और ऊर्जान्वित रहने की कामना करती हूं। जिससे वे भारत को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाते रहें। साथ हमारे देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करें।*

**पीएम ने किया शिलान्यासः** धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क से अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आधार, तीन लाख युवाओं को रोजगार

# धार से 'स्वदेशी का शंखनाद'





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के धार जिले से ट्रंप टैरिफ का जवाब स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करके दिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें देशवासी के पसीने की खुशबू और देश की माटी की महक होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए।

हर दुकान पर बोर्ड हो, गर्व से कहो- यह स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से नारा भी लगवाया कि गर्व से कहो, यह स्वदेशी है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) की सौगात देने बुधवार को धार जिले के भैंसोला गांव पहुंचे थे। इस पार्क के पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद करीब तीन लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। यह पहला ऐसा पार्क है जहां प्राकृतिक कपास से धागे से लेकर कपड़ा बनाने व उसे एक्सपोर्ट तक करने की कवायद होगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उनकी अगवानी के लिए प्रदेश के बड़े नेताओं को लगाया गया था। मप्र सरकार के मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिध व बड़ी संख्या में ग्रामीण जनसभा में पहुंचे थे। बुधवार को चूंकि प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिन भी था, ऐसे में उन्होंने अपने जन्म दिन पर पीएम मित्र पार्क की सौगात देकर युवाओं को उत्साहित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर मौजूद थीं।

### 3 लाख को रोजगार

*पहुंचे थे। इस पार्क के पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद करीब तीन लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। यह पहला ऐसा पार्क है जहां प्राकृतिक कपास से धागे से लेकर कपड़ा बनाने व उसे एक्सपोर्ट तक करने की कवायद होगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उनकी अगवानी के लिए प्रदेश के बड़े नेताओं को लगाया गया था। मप्र सरकार के मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिध व बड़ी संख्या में ग्रामीण जनसभा में पहुंचे थे। बुधवार को चूंकि प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिन भी था, ऐसे में उन्होंने अपने जन्म दिन पर पीएम मित्र पार्क की सौगात देकर युवाओं को उत्साहित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर मौजूद थीं।*

### पीएम मित्र पार्क देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पार्क पूरे मप्र के विकास को नई गति देगा। यहां होने वाले निवेश से प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश करेगी। मप्र विकास की नई इबारत भी लिखेगा। उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग से ही देश के विकास को नई मजबूती मिलेगी। पीएम मित्र पार्क देश की टैक्सटाइल इंडस्ट्री में नए ट्रांसफॉर्मेशन की राह खोलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि देश में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने जा रहे हैं और इनके जरिए हम भारत को विश्व का टैक्सटाइल-हब बनाएंगे। इन पीएम मित्र पार्कों में बुना जाने वाला धागा, सिर्फ किसानों का ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा। महेश्वरी साड़ी मप्र की पहचान रही है। धार में पीएम मित्र पार्क के माध्यम से हम देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। मप्र में उच्च कोटि का कपास उपलब्ध है। पीएम मित्र पार्क की 80 प्रतिशत जमीन निवेशक कंपनियों को आवंटित की जा चुकी है। फाइव-एफ विजन - 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन से फॉरेन' पर काम जारी है।*

# अब ईवीएम में दिखेगी प्रत्याशी की रंगीन फोटो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने ईवीएम बैलेट पेपर को अधिक स्पष्ट व आसानी से पढ़ने योग्य बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब ईवीएम पर उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिन्ह के साथ उनकी रंगीन फोटो भी प्रदर्शित की जाएगी। आयोग ने बिहार चुनाव से यह व्यवस्था




लागू करने की तैयारी की है। चुनाव आयोग ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। ▸▸ शेष पेज 5 पर






### वैष्णो देवी की यात्रा एक बार फिर बंद

**जम्मू।** वैष्णो देवी की यात्रा एक बार फिर बंद कर दी गई है। मौसम खराब होने की वजह से गुरुवार को सुबह मौसम ठीक रहा तो यात्रा शुरू होगी। बुधवार को करीब 5:30 बजे यात्रा को कटरा से बंद कर दिया गया है। 26 अगस्त के बाद से ये यात्रा बुधवार से शुरू की गई थी। इससे पहले माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने अनुकूल मौसम होने की स्थिति में यात्रा को फिर से शुरू करने की घोषणा की थी, जिससे कटरा शहर में डेरा डाले हुए कई श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे थे, लेकिन अब उनके हाथ एक बार फिर निराशा लगी है। दरअसल, कि जम्मू संभाग में 26 अगस्त ▸▸ शेष पेज 5 पर

### चार्जिंग में ई स्कूटी में धमाका, बुजुर्ग दंपती जिंदा जले

**आगरा।** यहां एक घर में चार्जिंग के समय स्कूटी में आग लग गई। इसके बाद आग घर में फैल गई, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग पति-पत्नी की मौत हो गई। यह घटना जगदीशपुरा के लक्ष्मीनगर इलाके की है। यहां चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फट गई, जिसकी वजह से घर में आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से घर के निचले फ्लोर पर सो रहे 90 वर्षीय भगवती प्रसाद और उनकी 85 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी जिंदा जल गए। हादसा सुबह लगभग 4 बजे हुआ। घर के निचले हिस्से में बुजुर्ग माता-पिता रहते थे, जबकि ऊपर की मंजिल पर उनका बेटा प्रमोद अग्रवाल ▸▸ शेष पेज 5 पर




### कर्तव्य पथ पर रंगमय वातावरण को देखकर मुख्यमंत्री ने कहा, 'दिल्ली जीतती है और दिल भी जीतती है'

# दिल्लीवालों ने कर्तव्य पथ पर उत्साह, उमंग व सम्मान से मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर बुधवार को देश की राजधानी नई दिल्ली का ऐतिहासिक कर्तव्य पथ विशेष बन गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने दिल्लीवासियों के साथ कर्तव्य पथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को भव्य उत्सव में परिवर्तित कर दिया। इस विशेष अवसर पर पथ पर 'सेवा संकल्प यात्रा' निकाली गई, मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और सांस्कृतिक आयोजन की छटा भी बिखरी। विशेष बात यह रही कि दिल्ली वालों विशेषकर युवाओं ने इस उत्सव में जमकर भागीदारी की। ऐसे ही रंगमय वातावरण को देखकर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दिल्ली जीतती है और दिल भी जीतती है।' इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई उन योजनाओं की भी जानकारी दी, जो देश की राजधानी को विकसित दिल्ली बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है। इस विशेष आयोजन में दिल्ली के सांसद, दिल्ली सरकार की कैबिनेट के मंत्री, विधायक, पार्षदों के अलावा भाजपा के गणमान्य नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की राजधानी का विशेष ध्यान रखा है। वह देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित तो कर ही रहे हैं, साथ ही दिल्ली को भी अंतरराष्ट्रीय राजधानी बनाने के लिए पूरा योगदान दे रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली को केवल दिया ही है, क्योंकि उनके मन में दिल्ली विशेष बनाने की चाह और प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जानकारी दी कि राजधानी दिल्ली के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत से बने हाईवे और एक्सप्रेसवे दिए, साथ ही यूईआर-1 और यूईआर-2 जैसी परियोजनाओं को भी शुरू किया, जो दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए प्रभावी भूमिका अदा करेंगी। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी व उनकी सरकार ने 400 किलोमीटर लंबे मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया। इस विस्तार को अगर तेजी से नहीं किया जाता तो दिल्ली आज यातायात जाम की गंभीर समस्या में पूरी तरह फंस चुकी होती। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली को 68 लाख जनधन खाते, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 2500 करोड़ रुपये, लाखों घरों को नल से जल की सुविधा, 1731 अनधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक, 11 सौ आयुष्मान मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 27 सौ करोड़ रुपये और 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से आरआरटीएस जैसी विशेष रेल योजनाओं का उपहार दिया है। मुख्यमंत्री ने कोविड महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में भी प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली को हर सुविधा उपलब्ध कराई। यमुना की सफाई के लिए करोड़ों रुपये का अनुदान, स्वच्छता अभियान में सहयोग, कूड़े के पहाड़ हटाने की योजना और जीएसटी व इनकम टैक्स छूट जैसी सुविधाएं प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली को यशोभूमि और भारत मंडपम जैसे वैश्विक स्तर के ऑडिटोरियम दिए, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की परिनिर्वाण स्थली को स्मारक में परिवर्तित किया और पंचतीर्थ के एक महत्वपूर्ण स्थल का निर्माण कराया। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली सौभाग्यशाली है, जिसे ऐसे प्रधानमंत्री मिले जिन्होंने हमेशा दिल्ली का साथ निभाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हजारों युवाओं की उपस्थिति में 'थैंक यू मोदी जी' का नारा दिया और कहा कि पहले जो राजपथ सत्ता का मार्ग कहलाता था, वह अब माननीय प्रधानमंत्री मोदी के विज़न से कर्तव्य पथ बन गया है।




### सीएम रेखा गुप्ता ने किया रक्तदान



कर्तव्य पथ पर बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों, जनप्रतिनिधि, युवाओं आदि ने रक्तदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में 1157 यूनिट रक्त एकत्र हुआ, जिसने एक रिकॉर्ड बना दिया। ऐसे पिछले कार्यक्रमों की बात करें तो पूरी दिल्ली में आयोजित रक्तदान शिविर में 2000 यूनिट रक्त एकत्र हुआ है और एक ही स्थल पर आयोजित रक्तदान में अधिकतम 350 यूनिट रक्तदान हुआ है। रक्तदान करने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मेरे रक्त की हर बूंद देश के नाम है। उन्होंने बताया कि शिविर में शुरू में केवल दो घंटे में ही 800 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ, जो सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनके उत्साह की सराहना की और कहा कि यह भावना दिखाती है कि दिल्लीवासी सच्चे अर्थों में प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने रक्तदाताओं से कहा कि आपका यह योगदान केवल एक रक्तदान नहीं है, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है, जो प्रधानमंत्री मोदी की सेवा और समर्पण की भावना को आगे बढ़ाता है।



### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 'सेवा संकल्प वॉक' आयोजित

कर्तव्य पथ पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में 'सेवा संकल्प वॉक' भी आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने सांसदों, अपनी कैबिनेट के मंत्रियों, विधायकों, पार्षदों, हजारों युवाओं के साथ इस यात्रा में शामिल हुई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश और दिल्ली की प्रगति के संकल्प को दोहराया। मुख्यमंत्री ने इस 'सेवा संकल्प वॉक' को प्रधानमंत्री के विजन से जोड़ा। उन्होंने कहा कि आज सेवा, समर्पण, जनकल्याण और भारत की प्रगति के प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित 'सेवा संकल्प वॉक' में सम्मिलित होकर, हम सभी ने उनके अद्वितीय योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री के अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प की शक्ति से भारत आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राष्ट्र का गौरव और 140 करोड़ भारतवासियों की धड़कन बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली को पहली बार यह अवसर मिला है कि वह प्रधानमंत्री के अथक योगदान के लिए उनका धन्यवाद कर सके।




### सांस्कृतिक रंगों की छटा, सीएम ने किया नृत्य और लीं सेल्फी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर आयोजित 'सेवा संकल्प यात्रा' के दौरान दिल्ली की सांस्कृतिक धरोहर भी पूरी भव्यता के साथ झलकी। इस अवसर पर कलाकारों ने विभिन्न लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों की पारंपरिक झलक इन नृत्यों में दिखाई दी, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी स्वयं लोकनृत्य में भाग लेकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। उनकी सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया और कलाकारों सहित उपस्थित जनसमूह में उत्साह की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और कलाकारों के साथ आत्मीय क्षण साझा किए और सेल्फी लेकर इस ऐतिहासिक आयोजन को और यादगार बना दिया।

### निगम मुख्यालय में कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने सिविक सेंटर में रोटरी क्लब के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेकंद्रे मोदी के जन्मदिन पर एक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आंखों की जांच, महिलाओं के लिए मैमोग्राफी टेस्ट, ब्लड डोनेशन, डायबिटीज टेस्ट सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं को देश का प्रधान सेवक मानते हैं और सेवा पखवाड़ा उसी भावना का प्रतीक है। आज हमने इस शिविर के माध्यम से अपने सभी अधिकारियों, कर्मियों और सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस प्रकार के शिविर हमें समाज के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और सेवा के भाव को बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं इस अवसर पर शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी, अतिरिक्त आयुक्त पंकज अग्रवाल, शिक्षा निदेशक निखिल, सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोविंदपुरी में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी थाना अंतर्गत संजय कॉलोनी, तुगलकाबाद में मंगलवार को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान तुगलकाबाद गांव के छुरिया मोहल्ला निवासी प्रेम बर्मन (22) के रूप में हुई है। हत्या का कारण आपसी झगड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुये तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी सुमित और चार नाबालिगों को पकड़ा है। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल दो चाकू भी बरामद कर लिये गये हैं।

डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार वारदात के 24 घंटे के भीतर पांच आरोपी पकड़ लिये हैं। पुलिस को शव संजय कॉलोनी स्थित निर्मल टी-पॉइंट के पास एक जंगल इलाके में मिला। मृतक एक कॉल सेंटर में काम करता था। उसके पिता राजस्थान में मजदूरी करते हैं और मां घरेलू सहायिका हैं। प्रेम की तीन बहनें हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला कि अपराध का मकसद गाली-गलौज था जिसके बाद हाथापाई हुई। गुस्से में आकर आरोपियों ने तुगलकाबाद के जंगल के एकांत इलाके में मृतक पर चाकू से वार किया। पकड़े गए पांच आरोपियों में से चार नाबालिग है। आरोपी सुमित पहले भी आर्म्स एक्ट के केस में शामिल रहा है। केस के शेष दो वांछित आरोपियों को पकड़ने के सक्रिय प्रयास जारी हैं।

### युवक पर चाकू से हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी स्थित सरकारी स्कूल में एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह घटना 13 सितंबर की शाम को तब हुई थी जब रोहित (23) नामक युवक अपने दो दोस्तों के साथ स्कूल के अंदर बैठा था। उसी दौरान चार युवक स्कूल की चारदीवारी फांदकर अंदर घुस आए। उनके साथ गाली-गलौज की और चाकू से हमला कर फरार हो गये थे। इस दौरान रोहित के दोस्त उसे अकेला छोड़ भाग खड़े हुये थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि घायल को पहले एलबीएस अस्पताल ले जाया गया और बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर। फिलहाल वह उपचाराधीन है। मयूर विहार थाने में मामला दर्ज किया गया था। हमलावरों की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जांच पड़ताल के बाद हमलावरों की पहचान राजीव उर्फ खुशी (19), विजय उर्फ ब्राह्मण (27), आकाश उर्फ तालिबान (27) और अनिकेत उर्फ शूटर के रूप में हुई। सभी त्रिलोकपुरी के रहने वाले हैं। राजीव, विजय और आकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान राजीव ने बताया कि उसके भाई निहाल और रोहित के बीच एक दिन पहले झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए रोहित पर चाकू से हमला किया गया था।

### पुलिस कर्मियों पर हमला कर छुड़ा ले गए घोषित बदमाश

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली में घोषित बदमाश को उसके साथियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला करके छुड़ा लिया। इस हमले में घायल पुलिसकर्मियों को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। फरार हुए बदमाश का नाम आजम बताया गया है। उसके खिलाफ फतेहपुर बेरी थाने में केस दर्ज था। पुलिस के अनुसार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए नॉन बेलेबल वारंट जारी हो चुका था। इसके बाद पुलिस टीम उसे पकड़ने गई थी। मंगलवार शाम चंदन होला इलाके में बदमाश के जानकारों ने पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया और उसके बाद आजम को गाड़ी से छुड़ा ले गये।

### बीएमडब्ल्यू दुर्घटनाः अदालत ने आरोपी महिला की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** कैंट इलाके में हुई दुर्घटना में बीएमडब्ल्यू कार चालक महिला की न्यायिक हिरासत अदालत ने बुधवार को 27 सितंबर तक बढ़ा दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकित गर्ग ने आरोपी महिला की ओर से दायर याचिका पर भी नोटिस जारी किया, जिसमें दुर्घटना की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी। अदालत में महिला की जमानत याचिका पर भी बहस हुई और मामले की सुनवाई शनिवार के लिए निर्धारित कर दी गई।

# पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 6 करोड़ 25 लाख की हेरोइन जब्त

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले गिरोह के सरगना समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनसे करीब 6.25 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की गई है। सरगना का नाम अनिल (50) है। इसकी तलाश एनसीबी, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच सहित कई एजेंसियों को थी। आरोपी अनिल ने ड्रग सप्लाई से अर्जित धन का उपयोग करते हुए दिल्ली और हरियाणा में कम से कम 10 करोड़ रुपये मूल्य के फ्लैट और व्यावसायिक संपत्तियां खरीदी ली थी।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि अनिल पिछले 20 वर्षों से ड्रग्स की आपूर्ति करने वाले गिरोह में सक्रिय है और दो मामलों में दोषी करार दिया जा चुका है। यह मामला तब उजागर हुआ जब पुलिस ने 29 अगस्त को भलस्वा डेयरी क्षेत्र से अफसाना (23) को पकड़ा था। उसके पास से 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। पूछताछ के आधार पर बुराड़ी से नरेंद्र (37) और उसकी पत्नी ज्योति (35) को गिरफ्तार किया गया। उनके घर की तलाशी में 712 ग्राम हेरोइन पकड़ी गई। इसके बाद एक सितंबर को पुलिस ने निहाल विहार से संतोष (38) को गिरफ्तार किया और उसके पास से 97 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। संतोष पर एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला और आबकारी अधिनियम के तहत तीन अन्य मामले दर्ज हैं। संतोष की जानकारी के आधार पर आठ सितंबर को पुलिस ने तिलक नगर स्थित विष्णु गार्डन में एक मकान पर छापा मारा और अनिल को 1.992 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, अनिल के खिलाफ 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 1998 में दर्ज एक डकैती का मामला भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि अनिल ने अपराध की कमाई से दिल्ली में चार फ्लैट खरीदे हैं, जिनमें ख्याला में एक व्यावसायिक संपत्ति और हरियाणा के रोहतक में 300 वर्ग गज का प्लॉट, दो चार पहिया वाहन और दो स्कूटर शामिल हैं। इस संबंध में भलस्वा डेयरी थाने में एनडीपीएस अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 225 किलोग्राम पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। बदरपुर इलाके में पुलिस ने बुधवार को पटाखों के अवैध भंडारण की एक इकाई का भंडाफोड़ किया। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से लगभग 225 किलोग्राम पटाखा सामग्री जब्त की गई। पकड़े गये शख्स का नाम बदरपुर निवासी धर्मवीर सिंह बताया गया है। पुलिस को 16 सितंबर को बदरपुर के मोलड़बंद इलाके में पटाखों के अवैध भंडारण की सूचना मिली थी। पुष्टि के बाद बुधवार को एक इमारत की छत पर बने कमरे में छापा मारा गया। लगभग 225 किलोग्राम पटाखों का एक बड़ा भंडार मिला। मौके पर मौजूद धर्मवीर सिंह को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि दो दिन पहले हरियाणा के पलवल से यह खेप खरीदी थी।

!! विधेयम् जन् सेवनम्।। (स्थापना : 1958) !! विधेयम् जन् सेवनम्।।
सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी महाराज
67 YEARS Excellence in Higher Education
श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज, रोहतक
की ऐतिहासिक उपलब्धि
BAMS की 60 से 100 सीट एवं
7 पी.जी. कोर्स में 35 सीटों से शुरुआत
संस्थापक दादा गुरु
श्रीयुत श्रेयोनाथ जी महाराज
को समर्पित एवं
ब्रह्मलीन चाँदनाथ जी महाराज
की पुण्यस्मृति पर


पी०जी० विभाग
कायचिकित्सा - 5 | पंचकर्म - 5 | शालाक्य तंत्र - 5 | अगद तंत्र - 5
रचना शारीर - 5 | क्रिया शारीर - 5 | संहिता सिद्धांत - 5
ADMISSIONS OPEN 2025-26
BAMS
MD/MS (7 Disciplines)
ANM/GNM
B.Sc. Nursing
P.B. B.Sc. Nursing
BPT/ MPT
B.Sc. (MLT)
Bachelor of Optometry
B.A.L.L.B
LL.B | LL.M
D.Pharma
B.Pharma
B.A.- Various Subject Combinations
B.A. (Hons.) English
B.A. Journ. & Mass Comm.
B.Lib. & Info. Sci
M.Lib. & Info. Sciences
M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science)
M.A. Sanskrit | Shastri (UG)
B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics)
B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry)
M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) (Botany, Zoology, Bio-Technology)
B.Sc. (Bio-Technology)
B.Sc. (Hons.) Agriculture
BBA | MBA
BCA | MCA
B.Com. | M.Com.
B.Tech. (CSE, ME, CE)
M.Tech. (CSE, CE)
VLDD (Veterinary Diploma)
B.Sc. Nursing
Ph.D. (All Streams)
As Per UGC Norms.
B.Ed.*
*Affiliation with MDU,Rohtak
BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak-124021 (HR.)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
(Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in

## देश के सभी नागरिक और दुनियाभर में बसे भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु होने की कर रहे हैं कामना

# प्रधानमंत्री ने तय किया, 15 अगस्त 2047 को भारत हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम हो : शाह

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है कि 15 अगस्त, 2047 को भारत हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम हो। यह बात केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित दिल्ली सरकार के सेवा पखवाड़ा के तहत लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। अमित शाह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने संकल्प रखा था कि अब भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने का समय आ गया है। उन्होंने तय किया कि 15 अगस्त, 2047 को भारत हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम हो और पूरे देश की जनता को इस संकल्प के साथ जोड़ा। उन्होंने कहा कि एक विकसित, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री मोदी आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली सरकार की लगभग 1723 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्री, सांसद, महापौर और मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में बुधवार को नरेला-बवाना वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की शुरुआत हुई है। इससे तीन हजार टन कचरे और ओखला प्लांट में दो हजार मीट्रिक टन कचरे से बिजली बनाने की व्यवस्था होगी जिससे सर्कुलर इकोनॉमी बढ़ेगी और ग्रीन एनर्जी भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों को शर्मिंदा करने वाले बड़े-बड़े कूड़े के पहाड़ से मोदी सरकार बिजली बनाने की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनता के उपयोग की हर वस्तु पर अब 28 और 18 प्रतिशत की जगह 5 प्रतिशत और शून्य प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी के उपयोग की 395 चीजो पर या तो कर को शून्य या 5 प्रतिशत कर दिया है। शाह ने कहा कि पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को न सिर्फ सुविधाएं दी, बल्कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम भी किया है। शाह ने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाना और 60 करोड़ लोगों के जीवन में प्राथमिक सुविधाएं देना एक बहुत बड़ा प्रयत्न और संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज की यह शुरुआत देश के हर युवा को प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा के रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित करेगी। शाह ने कहा कि लोगों से अपील की कि वह स्वदेशी वस्तुओं को ही खरीदें। इससे हम मिलकर एक समृद्ध भारत का संकल्प सिद्ध कर सकेंगे।

**खास बात**

- केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली सरकार की लगभग 1723 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास



### घुसपैठियों के दम चुनाव जीतना चाहते हैं विपक्षी दल

केन्द्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में लोगों से पूछा कि क्या हमारी मतदाता सूची से घुसपैठियों को हटाना चाहिए या नहीं। उन्होंने विपक्ष से पूछा कि वह घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकालकर किसे बचाना चाहता है। शाह ने कहा कि घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकालने वाले मुख्य विपक्षी दल के नेता घुसपैठियों के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी चाहती है कि घुसपैठिये हमारी मतदाता सूची में बने रहें क्योंकि विपक्षी पार्टी को भारत के लोगों पर भरोसा नहीं है और वह घुसपैठियों के आधार पर चुनाव जीतना चाहती है। अमित शाह ने कहा कि उनकी पार्टी एसआईआर और मतदाता सूची को शुद्ध करने के अभियान का समर्थन करती है।

### दिल्ली की पूर्ववर्ती सरकारें दिल्ली के साथ करती थीं भेदभाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राजधानी दिल्ली में किसी भी पार्टी की सरकार हो प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भेदभाव नहीं किया और दिल्ली को जो भी मिलना चाहिए था हमेशा उससे ज्यादा ही दिया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें दिल्ली के साथ भेदभाव करती थीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा लाई गई 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा की योजना को दिल्ली की पूर्ववर्ती सरकार ने लागू नहीं किया था। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार माना है और अपना पूरा जीवन देश के लोगों के कल्याण के लिए समर्पित किया है।

### पीएम ने अपने कार्यकाल में राम मंदिर सहित कई लंबित मामलों को किया समाप्त

अमित शाह ने कहा कि पूरे देश की लंबे समय से इच्छा थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने और पीएम मोदी के कार्यकाल में वहां भव्य मंदिर बन गया है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाना हो, सोमनाथ मंदिर को फिर से सोने का बनाने की शुरुआत करनी हो या करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाना हो, सालों से लंबित ऐसे कई मसलों को पीएम मोदी ने समाप्त कर दिया। वहीं देश से धारा 370 को हटाने का काम पीएम मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में कर दिखाया। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने 24 साल के अपने सार्वजनिक सेवा के कार्यकाल में कभी छुट्टी नहीं ली है। पीएम मोदी 24 साल तक हर पल, हर क्षण, देश के विकास की चिंता और गरीबों के कल्याण में लगे रहे। उन्होंने कहा कि इसी कारण हम विश्व की 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और 2027 तक हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे।




## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित दिल्ली की ओर तेजी से बढ़ रही है राजधानी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

- गृह मंत्री अमित शाह के हाथों हुआ 17 योजनाओं का शुभारंभ, 15 दिनों में 75 योजनाएं होंगी दिल्ली को समर्पित

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली विकसित भारत के साथ विकसित दिल्ली की ओर अग्रसर हो रही है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित लोकार्पण समारोह में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कही। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्र अमित शाह का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी दृढ़ वाणी और संकल्प ने हमेशा भारत की सुरक्षा को मजबूत किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सहयोग को याद किया और कहा कि प्रधानमंत्री ने सत्ता को कभी विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना, इसलिए वे हर जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनाते हैं। इस वर्ष 17 सितम्बर को गृह मंत्री अमित शाह के हाथों 17 योजनाओं का उद्घाटन हुआ और 15 दिनों में 75 योजनाएं दिल्लीवासियों को समर्पित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली पहली बार देख रही है कि बिना भेदभाव और बिना राजनीति के केंद्र सरकार से इतना व्यापक सहयोग मिल रहा है।
मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोकार्पित की गई परियोजनाओं का विवरण देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कल्याण और सुरक्षा के क्षेत्र में कई नई पहलें शुरू की हैं, जो राजधानी को और अधिक विकसित, सुरक्षित और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होंगी। स्वच्छता और ऊर्जा के क्षेत्र में नरेला–बवाना में 3000 टन प्रतिदिन क्षमता वाला नया वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है। इसके साथ ही ओखला प्लांट का विस्तार कर उसकी क्षमता 1950 टन से बढ़ाकर 2950 टन प्रतिदिन कर दी गई है। यह कदम दिल्ली को सतत ऊर्जा और स्वच्छता की दिशा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### पांच नए अस्पतालों में ब्लॉक्स और 101 आरोग्य मंदिर जनता को किए गए समर्पित

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी दिल्ली सरकार ने पांच नए अस्पताल ब्लॉक और 101 आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को समर्पित किए गए हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 150 नई डायलिसिस मशीनें भी जनता को उपलब्ध कराई गई हैं।

### दिव्यांग बच्चों के लिए 10 नए रिसोर्स सेंटर्स स्थापित

शिक्षा और विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए भी सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। दस नए रिसोर्स सेंटर्स स्थापित किए गए हैं, जहां 12 हजार 500 बच्चों को स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी और आधुनिक तकनीकों की मदद से सहयोग मिलेगा। यह प्रयास दिल्ली के बच्चों के लिए उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रहा है। सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी नई परिभाषा गढ़ी जा रही है। पश्चिम विहार में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सावित्रीबाई फुले होम, तिमारपुर में दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए अटल दृष्टि होम और नरेला में 220 बौद्धिक दिव्यांगजनों के लिए आधुनिक पुनर्वास सुविधाओं से युक्त अटल आशा होम की स्थापना की गई है। हाई सपोर्ट नीड्स वाले दिव्यांगजनों को 6,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी, वहीं वृद्धावस्था वित्तीय सहायता योजना में 50,000 नए लाभार्थियों को जोड़ा गया है।

### 75 एआई-सक्षम ड्रोन दिल्ली पुलिस को सौंपे गए

सुरक्षा और तकनीक को लेकर भी दिल्ली सरकार ने अग्रणी कदम उठाए हैं। नेत्र–नारी–नेतृत्व प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिल्ली के छात्रों द्वारा बनाए गए 75 एआई-सक्षम ड्रोन दिल्ली पुलिस को महिला पुलिस के प्रशिक्षण हेतु सौंपे गए हैं। इसके साथ ही दिल्ली फायर सर्विस को 24 क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल्स भी प्रदान किए गए हैं, ताकि तंग गलियों में भी आगजनी जैसी आपात स्थितियों का तुरंत सामना किया जा सके।

## पीएम मोदी के जन्मदिन सेवा दिवस पर एलजी का छात्रों को चौथे आरंभ पुस्तकालय का तोहफा



हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के जन्मदिन पर सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को छात्रों को चौथी आरंभ लाइब्रेरी की सौगात दी। रोहिणी में शुरू की गई इस चौथी लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए एलजी सक्सेना ने कहा कि मात्र एक वर्ष के भीतर आरंभ पहल के अंतर्गत यह चौथा पुस्तकालय है जिसे डीडीए ने तैयार किया है। यह दिल्ली के छात्रों, विशेषकर उत्तर-पश्चिम दिल्ली के छात्रों को एक किफायती और समर्पित रीडिंग स्पेस प्रदान करेगा। इस अवसर पर एलजी के अलावा सांसद योगेंद्र चांदोलिया सहित संबंधित विभाग के आला अधिकारी आदि मौजूद थे। अपने संदेश में एलजी ने कहा कि आज एक शुभ दिन है क्योंकि पूरा देश हमारे दूरदर्शी नेता माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा दिवस मना रहा है। आरंभ पहल का उद्देश्य छात्रों को अपने सपनों को साकार करने के लिए सुरक्षित, संरक्षित और सम्मानजनक स्थान प्रदान करना है, विशेषकर उन छात्रों के लिए जो देश भर से अपना करियर बनाने की आकांक्षा लेकर दिल्ली आते हैं। आरंभ जैसी पहल उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनका साथ देगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नए पुस्तकालय के साथ, हम न केवल अध्ययन स्थल बना रहे हैं, बल्कि आशा का संचार भी कर रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली की नॉलेज कैपिटल को और अधिक मजबूत बना रहे हैं। मैं डीडीए को बधाई देता हूँ और दिल्लीवासियों, विशेषकर युवा पीढ़ी को आश्वस्त करता हूँ कि हम भविष्य में भी ऐसी पहल करते रहेंगे। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी के मार्गदर्शन में जी-ब्लॉक,रोहिणी सेक्टर-11, में स्थित इस अत्याधुनिक वाचनालय का निर्माण किया गया है। पुस्तकालय 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में चौबीसों घंटे काम करेगा, जिसमें तीन शिफ्टों में प्रतिदिन 130 से अधिक छात्रों को समायोजित करेगा। पुस्तकालय प्रति शिफ्ट 1,000 प्रति माह के मामूली शुल्क पर उपलब्ध होगा। डीडीए ने बताया कि इस सुविधा में एकीकृत पावर सॉकेट सहित मॉड्यूलर स्टडी टेबल हाई-स्पीड वाई-फाई, सुरक्षित लॉकर, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, पूरी तरह से वातानुकूलित और अच्छी रोशनी वाली आंतरिक सज्जा, और छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय उपलब्ध हैं। एक सुलभ शौचालय भी उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त, हल्का भोजन और नाश्ता परोसने के लिए कैफे वरदान की शुरुआत की गई है, जो छात्रों को आराम करने और तरोताजा होने का स्थान प्रदान करता है। डीडीए ने बताया कि विकासपुरी में एक और पुस्तकालय सुविधा की योजना बनने के साथ, आरंभ पुस्तकालय नेटवर्क पूरी दिल्ली में तेजी से फैल रहा है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने स्लम में रहने वाले बच्चों को खिलौने किए वितरित



नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और टॉयबैंक के संस्थापक विजय गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्लम में रहने वाले बच्चों को खिलौने वितरित किए। विजय गोयल ने कहा कि पीएम मोदी ने भारतीय खिलौनों को बढ़ावा देने की अपील की है और मन की बात में टॉय इंडस्ट्री को कहा कि वे ऐसा उत्पादन करें कि बाहर से खिलौने न मांगने पड़ें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की बात करते हैं। डिजिटल इंडिया, एआई और आधुनिक टेक्नोलॉजी से भारत को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में उन्होंने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। बताया गया कि टॉय बैंक हेडक्वार्टर के बाहर 30 फीट ऊँचा प्रधानमंत्री मोदी का आकर्षक कटआउट पेड़ के साथ लगाया गया। इसके साथ एक पेड़ पर मोदी की 75 योजनाओं को अलग- अलग फलों के रूप में दर्शाया गया, जो उनकी दूरदर्शी नीतियों और उपलब्धियों का प्रतीक बना। खिलौने पाकर स्लम के बच्चे खुशी से झूम उठे। उन्होंने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और मिलकर हैप्पी बर्थडे गीत गाया।

### एनडीएमसी क्षेत्र में पाँच आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को किए समर्पित

**नई दिल्ली।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत, दो केंद्रीय मंत्रियों ज्योतिरादित्य सिंधिया और एच.डी. कुमारस्वामी और दिल्ली सरकार के मंत्रियों मनजिंदर सिंह सिरसा और प्रवेश वर्मा ने बुधवार को एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल और एनडीएमसी के सचिव तारिक थॉमस के साथ एनडीएमसी क्षेत्र में पाँच "आयुष्मान आरोग्य मंदिरों" का उद्घाटन किया और जनता को समर्पित किए। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सात स्वास्थ्य केंद्रों पर "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" स्वास्थ्य जाँच शिविरों का भी शुभारंभ किया। यहां एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत, नई दिल्ली क्षेत्र में सात स्थानों पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कैंसर जांच, टीकाकरण, एनीमिया, सिकलसेल और तपेदिक की जाँच, पोषण और आयुष्मान, आभा और पीएम-जय पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।




### पूर्व सांसद ने अस्पतालों में वितरित किए फल



**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पर्व के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित मनाते हुए दक्षिणी दिल्ली में गरीब जन की सेवा के लिए बुधवार को पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने ओखला स्थित ईएसआईसी, आली बदरपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान और महरौली स्थित राष्ट्रीय क्षय एवं श्वसन रोग संस्थान (टी.बी अस्पताल) में भर्ती मरीजों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और जनकल्याण को समर्पित है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए समाज की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य और संकल्प है।

### दिल्ली सचिवालय में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम आयोजित



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली सचिवालय में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' तथा आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उपस्थित रहीं। दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री धर्मेन्द्र सहित दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिल्ली सचिवालय में महिलाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं को स्वास्थ्य जांच, परामर्श और आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अनुप्रिया पटेल ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे देश में 75 हजार स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें हाइपरटेंशन, डायबिटीज, कैंसर, सिकल सेल रोग की जांच, एंटी-नेटल चेकअप, बच्चों का टीकाकरण और पोषण संबंधी जानकारी निशुल्क दी जाएगी।

### डीडीए ने दूसरे दिन मिशन कर्मयोगी के तहत आयोजित किया जन सेवा प्रोग्राम



नई दिल्ली दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर मिशन कर्मयोगी पहल के तहत राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम का दूसरे दिन बुधवार को आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत गुरुवार को डीडीए तीसरे दिन की अंतिम कार्यशाला का आयोजन करेगा। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के तहत शासन को सशक्त बनाने, कौशल निर्माण और नागरिक केंद्रित सेवा वितरण को मजबूत बनाना है। जिसके लिए 16-18 सितंबर 2025 तक 3-दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर व्यवहार, प्रेजेंटेशन, समस्याओं को समझने व सुलझाने, योजनाओं को बेहतर तरीके से पूरा करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

### प्रदेश भाजपा ने सभी जिलों में रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली भाजपा ने दिल्ली भाजपा के सभी 14 संगठनात्मक जिलों में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। दिल्ली के सभी 250 मंडलों में विधायकों, पार्षदों एवं मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान भी प्रारम्भ किए गये जो अगले दो सप्ताह चलेंगे। इससे पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कर्तव्य पथ पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने बुधवार से कनॉट प्लेस के सेन्ट्रल पार्क में प्रधानमंत्री के जीवन एवं कार्यों को लेकर 5 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसका उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने किया और सेन्ट्रल पार्क में उपस्थित हजारों आमंत्रित प्रबुद्ध नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत एवं बाँसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा एवं डॉ. पंकज सिंह आदि भी उपस्थित थे।

### मंत्री इंद्राज ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में महिलाओं को दी आयुष और पोषण किट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने शहीद भगत सिंह मार्ग स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लोकार्पण पर महिलाओं को आयुष व पोषण किट बांटी। समाज कल्याण मंत्री ने सेवा पखवाड़े पर दिल्ली वासियों को मिले उपहारों पर आभार भी जताया। बवाना में मोदी की लम्बी उम्र के लिए आयोजित कार्यक्रम में रविंद्र इंद्राज ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को सिर्फ नारा नहीं, बल्कि नीति का आधार बनाया है। ग्रामीण विकास, गरीब कल्याण योजनाएं और महिला सशक्तिकरण में अभूतपूर्व काम हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली में देशहित, निर्णायक नेतृत्व और जनता के प्रति गहरा जुड़ाव झलकता है, जो उन्हें एक प्रेरणास्रोत और आधुनिक भारत के परिवर्तनकारी नेता के रूप में स्थापित करता है।

## विधानसभा में लगाई गई पीएम के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर दिल्ली विधानसभा में पीएम के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय राज्य एवं सड़क परिवहन मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट,राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, मुख्य सचेतक अभय वर्मा एवं अन्य विधायक उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 75वें जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री के संघर्ष, उपलब्धियों और वैश्विक पहचान को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर 2025 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, ताकि नागरिक प्रधानमंत्री के विजन और समर्पण से प्रेरणा ले सकें।

## खबर संक्षेप

### फोन छीनने के मामले में आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** फोन छीनने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने छीना फोन व वारदात में प्रयोग मोटरसाईकिल को बरामद किया है। थाना सराय ख्वाजा में एक लड़की ने शिकायत दी की जब वह 14 सितंबर को डीएपी पब्लिक स्कूल सेक्टर 37 के सामने गुजर रही थी तो पीछे से एक बाईक सवार लड़का आया और उसके हाथ से उसका फोन छीन ले गया। जिस शिकायत पर थाना सराय ख्वाजा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### अवैध हथियार रखने के मामले 2 आरोपी पकड़ाए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार कर अवैध दो देसी कट्टा बरामद किए है। मथुरा रोड फ्लाई ओवर, सेक्टर-37 फरीदाबाद के पास से 1 देसी कट्टा सहित व एवीटीएस ने गुरमीत निवासी फरीदाबाद को नाला पुलिया, शेरपुर के पास से 1 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

### चोरी के मामले में वाहन चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा वाहन चोरों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है, इसी क्रम में अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने एक वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि करन वासी गौंछी हाल एसजीएम नगर ने थाना एसजीएम नगर में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 9 सितंबर की रात को उसके पिता जी ने घर के बाहर मोटरसाइकिल को खड़ा किया था। कोई नामपता ना मालूम चोरी करके ले गया। जिस पर थाना सुरजकुंड में चोरी से संबंधित धारोंओं में मामला दर्ज किया गया।

# संगीत में लोगों को जोड़ने और सशक्त बनाने की ताकतः पद्मश्री डॉ. नरूला

## संस्था स्वधा का आठवां स्थापना दिवस : संगीत और सशक्तिकरण की खास शाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सौहार्द्र पर काम करने वाली संस्था स्वधा ने अपना आठवां स्थापना दिवस खास अंदाज में मनाया।

इस मौके पर संगीत, उद्देश्य और विचारों का सुंदर मेल देखने को मिला। परिवारों, सदस्यों और समर्थकों ने मिलकर स्वधा के इस विश्वास को दोहराया, 'जब महिला सशक्त होती है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। शाम का मुख्य आकर्षण पद्मश्री डॉ. जसपिंदर नरूला का शानदार गायन रहा। उन्होंने महिलाओं पर आधारित गीत गाकर सबको भावुक कर दिया। उनकी आवाज में संघर्ष, शक्ति और उम्मीद की झलक थी। डॉ. जसपिंदर ने कहा, संगीत में लोगों को जोड़ने और सशक्त बनाने की ताकत होती है। आज की प्रस्तुति मेरी ओर से उन सभी महिलाओं को समर्पित है, जो सपने देखती हैं और बदलाव लाने का साहस रखती हैं।' कार्यक्रम में शिखर फैमिली, मैनकाइंड फार्मा, आहूजा संस, भूटानी ग्रुप, यूनिटी ग्रुप, मारियो ग्रुप, यशोदा मेडिसिटी और ग्राफिस एड्स जैसे कई परिवारों और संस्थानों का सहयोग रहा। स्थापना से अब तक स्वधा ने कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं, जैसे- टीवी-मुक्त भारत अभियान : बच्चों व परिवारों को सोच-समझकर स्क्रीन का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना। प्लास्टिक-फ्री मूवमेंट : पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश। महिला स्वास्थ्य और शिक्षा अभियान : वंचित समुदाय की महिलाओं तक सहायता पहुंचाना।




### कार्यक्रम का समापन संकल्प के साथ हुआ

पर्यावरण स्वच्छता अभियान : समाज को प्रकृति-हितैषी जीवन के लिए प्रेरित करना। संस्थापक सदस्य वर्षा गोयल ने कहा, यह यात्रा मेरी अकेली नहीं है, यह हर उस महिला की है जो हमारे साथ जुड़ी है। हम सब मिलकर बदलाव ला रहे हैं। संस्थापक सदस्य अंजु आहूजा ने कहा, स्वधा सिर्फ योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि एक बहनापा है। यहां महिलाएं खुद को सुना और समझा हुआ महसूस करती हैं। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि आने वाले समय में भी महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज को बेहतर बनाने की कोशिशें लगातार जारी रहेंगी। आज स्वधा सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा और महिलाओं का एक उत्सव है।

## पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भाजपा फरीदाबाद द्वारा सेवा पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ

# पीएम मोदी का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र को समर्पितः मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**खास बातें**

- भाजपा फरीदाबाद द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविरों में उमड़ी भारी भीड़
- दादा धर्मवीर भड़ाना, बेटा करतार भड़ाना, पोता सहज भड़ाना ने रक्तदान कर मिसाल पेश की



भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ जनसेवा और जनकल्याण की भावना के साथ किया गया। जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में फरीदाबाद जिला भाजपा द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जिला कार्यालय अटल कमल पर किया गया। वही इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 वर्षों से देश के प्रधान जनसेवक के रूप में भारत माता की सेवा कर रहे हैं और उनका जीवन सेवाए समर्पण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित है। मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में देश आर्थिक ताकत भी बना है और सांस्कृतिक तौर पर भी सशक्त हुआ है।

मोदी जी राष्ट्र प्रथम की भावना से काम कर रहे हैं और उनका एक ही संकल्प है 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना। मोदी जी के लिए देश सर्वोपरि है, देश के 140 करोड़ लोग सर्वोपरि है और देश का अन्नदाता किसान सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री मोदी के 75 वें जन्मदिवस से भाजपा द्वारा देश भर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को निभाने का संकल्प है।

भाजपा ने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य किया है और लगातार यह सेवा का पर्व चलता रहेगा। अटल कमल के अलावा फरीदाबाद जिले के 15 अन्य स्थानों पर भी रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये गए, इन शिविरों में लोगों ने कुल 851 से ज्यादा यूनिट रक्तदान कर जनसेवा का संदेश दिया और 2100 से ज्यादा लोगों ने निशुल्क चिकित्सा जांच, जनरल हेल्थ चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, नेत्र जांच आदि कराई।

### मंत्री नागर ने कहा-पीएम मोदी का नेतृत्व आज दुनिया में शांति स्थापित कर रहा है

**फरीदाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर अनेक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंत्री राजेश नागर ने भी इन कार्यक्रमों में भागीदारी की और लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बधाई दी। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी का नेतृत्व न केवल भारत बल्कि दुनिया को राह दिखाने का काम कर रहा है। वह भारत माता के अनन्य सेवक और राष्ट्र नायक के रूप में हमारे सामने आज दुनिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें बॉस कहते हैं, तो यह हमारे लिए गर्व के क्षण होते हैं। बड़ी से बड़ी बीमारियां, महामारियां नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के आगे हार मानती हैं। दुनिया में जब कोविड ने हाहाकार मचा दिया, ऐसे समय में भी मोदी राज में सबका साथ सबका विकास की परिपाटी को निभाते हुए जनता अपने असहाय लोगों की सहायता में लग गई।



राजेश नागर ने सेक्टर 15 स्थित अटल कमल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में भागीदारी की और लोगों को बधाई दी। उन्होंने अपने सेक्टर 37 स्थित कार्यालय पर भी स्वास्थ्य जांच शिविर लगवाया, जहां हजारों की संख्या में लोगों के बीच लड्डू वितरित किए गए। इसी के साथ तेरापंथ भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में भी उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य और सेवा के महत्व के बारे में बताया। नागर ने बताया कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा मना रही है जिससे कि लोगों को एक दूसरे के प्रति प्यार प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जा सके। इसमें। सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## दुकानदारों को बांटे इको फ्रेंडली बैग

# रोटरी क्लब ने सब्जी मंडी में चलाया एंटी पॉलिथीन अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रोटरी क्लब फरीदाबाद वन द्वारा एंटी पॉलिथीन अभियान चलाया गया जिसके तहत सेक्टर 16 स्थित सब्जी मंडी में दुकानदारों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने की हिदायत देते हुए उन्हें कपड़े के इको फ्रेंडली बैग दिए गए।

रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन वीरेंद्र मेहता, क्लब के प्रधान राजीव सूद व पार्षद कुलदीप साहनी ने लगभग 1000 इको फ्रेंडली बैग सब्जी विक्रेताओं को वितरित किए तथा साफ तौर पर उन्हें हिदायत दी कि पॉलीथीन का प्रयोग ना करते हुए इको फ्रेंडली बैग का ही इस्तेमाल किया जाए। इस दौरान पार्षद कुलदीप साहनी ने पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी दी कि यदि वे पॉलिथीन का प्रयोग करेंगे तो उनके चालान काटे जाएंगे। वही वीरेंद्र मेहता व राजीव सूद ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब फरीदाबाद 1 ने यह प्रोजेक्ट किया है। उन्होंने बताया कि यह इको फ्रेंडली बैग रोटरी के स्किल सेंटर में बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा अलग-अलग मार्केट में एक-एक हजार बैग वितरित किए जाएंगे। प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरण के नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा जो भी प्लास्टिक वेस्ट होगा उसे इकट्ठा करके रीसायकल के लिए भेजा जाएगा। वही कुलदीप साहनी ने कहा कि पॉलीथिन व प्लास्टिक पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा कई बड़ी बीमारियों का कारण बन रहे हैं इसलिए रोटरी क्लब फरीदाबाद 1 की यह पहल सराहनीय है।

### पंप बनाने के प्लांट से सामान चुराया, तीन आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** पंप बनाने के प्लांट से सामान चुराने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी आईएमटी में मधुकर शुक्ला निवासी एसआरएस रेजिडेंसी फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 16-17 सितंबर की रात को कोई नामपता नामालूम उसके सेक्टर-68 आईएमटी स्थित पम्प प्लांट से एल्यूमिनियम का सामान, मोटर, इन्वर्टर, वेड़ंग मशीन व अन्य सामान चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना सदर बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# धोखाधड़ी करने के मामले में अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने मुख्य आरोपी को किया

## पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

विदेशी मुद्रा के माध्यम से धोखाधडी करने मामले में अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सराय ख्वाजा में प्रमोद निवासी पाखल पाली ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 8 अगस्त 2024 को नीलम चौक स्थित इंडिया बैंक के बाहर उसकी मुलाकात सुमित नाम के लडके से हुई थी, जिसने उससे 50 दिरहम यूएई देश की मुद्रा के बदले रुपए मांगे, जिस पर शिकायतकर्ता ने 50 दिरहम मुद्रा के बदले 1000 रुपए सुमित को दे दिए और एक-दूसरे के फोन नबंर ले लिये। अगले दिन उसके पास सुमित का कॉल आया और उससे कहा कि किसी रिस्तेदार के हॉस्पिटल का बिल भरना है जिसके लिए उसे पैसों की जरूरत है और उसने 7200 दिरहम के बदले रुपए देने को कहा कि जिस पर शिकायतकर्ता ने 150000 सुमित को दिए। जब घर जाकर उसने देखा तो पाया कि सारी मुद्रा नकली थी। जिस शिकायत पर थाना सराय ख्वाजा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए कौसर निवासी सेहतपुर गली नंबर 1 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कौसर के रिश्तेदार ने उसको कुछ दिरहम मुद्रा दी थी। कौसर ने लोगों को ठगने के लिए तीन लोगों को हायर किये। जिनको योजना की जानकारी देकर वह उनको बैंक के सामने व भीड़भाड़ के क्षेत्र में भेज देता था, जहां पर आरोपीगण लोगों को टारगेट करते थे। आरोपी की योजना के अनुसार ही शिकायतकर्ता के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया था, आरोपीगण द्वारा शिकायतकर्ता को पहले असली मुद्रा दी गईए बाद में 7200 दिरहम का एक बंडल पैक करके ऊपर नीचे असली मुद्रा लगा दी और बीच में कागज लगाकर शिकायतकर्ता को दे दिए और उसके बदले शिकायतकर्ता से डेढ़ लाख रुपए ले लिए। मामले में पहले तीन आरोपी सलाम उर्फ सुमित, संगम व सोहिदीन को गिरफ्तार किया जा चुका है।



# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 35 लाख रुपए की ठगी

## साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाताधारक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 3520000 रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है।

साइबर थाना एनआईटी में ग्रीन फिल्ड कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 20 जनवरी 2024 को उसके पास एक कॉल आया जिसने अपने आप को जीक्यूजी नामक ट्रेडिंग कंपनी को एजेंट बताया और उसे जीक्यूजी कंपनी के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा। जिसके बाद उसके पास एक लिंक भेज कर गुगल स्टोर से एप डाउनलोड करवाया गया और उसका खाता खुलवाया गया जिस पर उस पर उसने शेयर और आईपीओ के नाम पर 3520000 रुपए निवेश किया। जब कुछ समय बाद उसने लाभ के साथ पैसे निकालने की रिकवेस्ट डाली तो कंपनी ने उसकी रिकवेस्ट को कैंसिल कर दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना एनआईटी की कार्रवाई करते हुए शरद निवासी पणजी गोवा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपना खाता आगे दे रखा था जिसके खाता में ठगी के 5,50,000 रुपए आए थे और आरोपी गोवा में केटरिंग का काम करता है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



# एमबीबीएस में दाखिला के नाम पर की गई थी 15 लाख की ठगी

## दो महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एमबीबीएस में दाखिला के नाम पर 15 लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने दो महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किया है। जितेन्द्र निवासी सेक्टर-55 फरीदाबाद ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसकी बेटी का जून 2024 को नीट की परीक्षा का परिणाम आया था। उनके पास उसकी बेटी के सहपाठी शुभम तिवारी का फोन आया, जिसने बताया कि वह मनोज शर्मा व एक महिला संगीता काल्पनिक नाम को जानता है जो ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद में उसका दाखिला करवा सकते है। शुभम ने संगीता काल्पनिक नाम से मिलवाया, जिसने बताया कि उसके पति मनोज की कृष्ण व योगिता काल्पनिक नाम से जानकारी है, उसकी बेटी का दाखिला करवा सकते है।



## 65 वर्ष बुजुर्ग महिला की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई

# टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के दौरान 250 ग्राम के अन्य पिंडों को भी निकाला

**■ जटिल सर्जरी का दुर्लभ मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

फोर्टिस हॉस्पीटल शालीमार बाग के डॉक्टरों ने 65-वर्षीय बुजुर्ग महिला की टोटल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए करीब 250 ग्राम वजन के 32 अन्य (इंट्रा-आर्टिक्युलर) पिंडों को भी निकाला। यह ग्लोबल ऑर्थोपिडिक प्रेक्टिस में दर्ज किया गया अपनी तरह का दुर्लभ मामला है। इस जटिल सर्जरी को डॉ (प्रोफे.) अमित पंकज अग्रवाल, प्रिंसीपल डायरेक्टर एवं हेड ऑफ डिपार्टमेंट, फोर्टिस बोन एंड ज्वाइंट इंस्टीट्यूट, फोर्टिस शालीमार बाग के नेतृत्व में पूरा किया गया और 6 दिन बाद मरीज को स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

डॉ (प्रोफे.) अमित पंकज अग्रवाल, प्रिंसीपल डायरेक्टर एवं हेड ऑफ डिपार्टमेंट, फोर्टिस बोन एंड ज्वाइंट इंस्टीट्यूट, फोर्टिस शालीमार बाग ने बताया कि यह काफी एडवांस और रेयर कंडीशन थी। मरीज की ज्वाइंट कैविटी में 32 पिंड भरे हुए थे, जिनमें से कुछ का आकार अखरोटों जितना था। इनका कुल वजन 250 ग्राम था जो काफी दुर्लभ है और साथ ही जटिल रीकंस्ट्रक्शन की प्रक्रिया के चलते, यह मामला और भी दुर्लभ बन गया।



इस प्रकार के जोड़ की नी रिप्लेसमेंट सर्जरी करने के लिए काफी सावधानी और तैयारी की जरूरत होती है। हमें खुशी इस बात की है कि सर्जरी के बाद मरीज का रिस्पॉन्स अच्छा रहा और वह जल्दी ही चलने भी लगी तथा कुछ दिनों में उन्हें ज्वाइंट मोबिलिटी में सुधार तथा दर्द में काफी कमी महसूस हुई। अब सर्जरी के बाद उनकी फिजियोथेरेपी जारी है जिससे उनकी रिकवरी अच्छी हो रही है। महिपाल सिंह भनोत, बिजनेस हेड, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, यह मामला फोर्टिस हॉस्पीटल्स की क्लीनिकल उत्कृष्टता, एडवांस सर्जिकल क्षमताओं और मरीजों की दयाभाव के साथ देखभाल की हमारी प्रतिबद्धता का सबूत है। इस तरह के दुर्लभ और जटिल मामले, जबकि नी रिप्लेसमेंट के दौरान ही इंट्रा-आर्टिक्युलर पिंडों से भी कुशलतापूर्वक निपटा गया, हमारी मेडिकल टीम की कुशलता और मरीजों की देखभाल के हमारे ऊंचे मानकों को दर्शाते हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | बजरंग भवन के साथ से एलीवेटेड रेलवे ट्रैक, रोहतक तक रोड का निर्माण। | 14.09.2025 20.09.2025 | रु. 56.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | रैनकपुरा, वार्ड नं. 5, एम.सी. रोहतक में अम्बेडकर पार्क का अपग्रेडेशन। | 15.09.2025 22.09.2025 | रु. 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38803/I/88/7 दि. 17.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी | कैमिकल्स, ग्लासवेयर, प्लास्टिकवेयर और लघु उपकरणों की आपूर्ति (भिवानी) के लिए दर अनुबंध के सम्बन्ध में। | 15.09.2025 06.10.2025 | रु. 10.00 करोड़ | https://cblu.ac.in | 9255552219 cblupurchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38833/I/88/7 दि. 17.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जाखल मण्डी | वार्ड नं. 13, जाखल मण्डी में सिटी हॉस्पीटल से पंजाब बॉर्डर (गोदाम नं. 4) तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 16.09.2025 24.09.2025 | रु. 50.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813250056 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38837/I/88/7 दि. 17.09.25

# अयोध्या में दिवाली होगी खास, गोमय दीपकों से जगमगाएगी रामनगरी

## औषधीय जड़ी-बूटियों से तैयार किए जाएंगे खास दीपक, 50 महिलाएं जुटी काम में

एजेंसी ⏭ अयोध्या

इस बार की अयोध्या की दीवाली एक अनोखे और ऐतिहासिक नजारे की साक्षी बनेगी। दरअसल श्रीराम जन्मभूमि नगरी इस वर्ष 26 लाख दीपों की अद्वितीय रोशनी से जगमगाने वाली है, इन दीपों में सबसे खास रहेंगे जयपुर से आए पांच लाख गोमय दीपक ये दीपक अपनी अनोखी संरचना और महक से पूरी रामनगरी को आध्यात्मिक और पर्यावरणीय ऊर्जा से आलोकित करेंगे।

में दिवाली होगी खास, गोमय दीपकों से जगमगाएगी रामनगरी ये साधारण मिट्टी के दीपक नहीं बल्कि गाय के गोबर और दुर्लभ औषधीय जड़ी-बूटियों से तैयार किए गए खास दीपक हैं, इनमें गोबर के साथ जटामासी अश्वगंधा, रीठा, देसी घी, काली हल्दी, मोरिंगा पाउडर, नीम, तुलसी और अन्य कई प्राकृतिक तत्वों का समावेश है, इन विशेष तत्वों की वजह से जब ये दीपक जलेंगे तो केवल रोशनी ही नहीं देंगे बल्कि हवन सामग्री जैसी दिव्य सुगंध भी फैलाएंगे।

जयपुर की पांच स्वैच्छिक सेवा संस्थाओं से जुड़ी लगभग 50 महिलाएं दिन-रात इन दीपकों के निर्माण में जुटी हुई हैं। टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला के वैदिक पादप अनुसंधान केंद्र में रोजाना हजारों दीपक तैयार किए जाते हैं। माता रानी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रतिदिन लगभग 5 हजार दीपक बनाती हैं। और इन्हें एक दीपक तैयार करने में सिर्फ डेढ़ मिनट का समय लगता है। यह काम महिलाओं को आजीविका और आत्मनिर्भरता दोनों दे रहा है। साथ ही ग्रामीण कारीगरों और गौशालाओं को भी जोड़ रहा है।



### गोमय दीपकों की खासियत

इन दीपकों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये बेहद हल्के हैं और गिरने पर टूटते नहीं हैं। यह एक बार इस्तेमाल होने वाले दीपक नहीं हैं बल्कि इन्हें कई बार जलाया जा सकता है। जलने के बाद इन्हें मिट्टी या पौधों के पास डाल दिया जाए तो ये उर्वरक फर्टिलाइजर की तरह काम करते हैं। इस प्रकार ये दीपक न केवल रोशनी और सुगंध देंगे बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। बल्कि उसे पोषण देंगे। यह प्रयोग भारतीय परंपराओं में वर्णित पंचगव्य की भावना को दर्शाता है जो यह संदेश देता है कि आधुनिक युग में भी स्वदेशी और पर्यावरण-संरक्षण आधारित नवाचारों को अपनाया जा सकता है।

### 3 अक्टूबर को पांच लाख गोमय दीपक जलाएं जाएंगे

जब 3 अक्टूबर को जब पांच लाख गोमय दीपक अयोध्या में जलेंगे तो वह दृश्य न सिर्फ दिव्य और भव्य होगा बल्कि यह दर्शाएगा कि भारतीय संस्कृति किस तरह विज्ञान प्रकृति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम है महिलाओं की मेहनतए स्वदेशी सामग्रियों का उपयोग और पर्यावरण के प्रति यह सजगता मिलकर इस बार की १अयोध्या दीपावली को एक नई पहचान और ऊंचाई देने जा रही है। यह पहल साबित करती है कि यदि हम चाहें तो पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक सोच को जोड़कर त्योहारों को और भी अर्थपूर्ण और प्रेरक बना सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### दर्दनाक हादसा में तीन युवकों की मौत



**आजमगढ़।** आजमगढ़ के दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन मोड़ पर बीती रात दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जौनपुर ले जाया गया। इलाज के दौरान एक और युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक का इलाज जारी है।

### ट्रक और ऑटो की टक्कर में दो की मौत



**पूर्णिया।** पूर्णिया में मंगलवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना कोढ़ा थाना क्षेत्र के मूसापुर चौक के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सीएनजी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देवचरण ऋषि (25) और मरंगा गंगेली निवासी प्रवीण ऋषि (35) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में हीरा लाल मंडल, बादलपुर हरदा निवासी हीरो ऋषि, उनकी पत्नी आकाशी देवी और साली अंजलि कुमारी शामिल हैं।

### भाजपा ने शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को सेवा पखवाड़ा शुरू किया। रांची में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बिरसा मुंडा समाधि स्थल पहुंचकर सफाई अभियान चलाया और भगवान बिरसा मुंडा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सफाईकर्मियों के बीच मिठाइयां भी बांटी। मीडिया से बातचीत में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज का दिन विशेष है क्योंकि यह न सिर्फ भगवान विश्वकर्मा पूजा का पर्व है, बल्कि राष्ट्र के प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है।

## 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ

# मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी सौगात, मिलेगा स्मार्टफोन, बढ़ेगा मानदेय

एजेंसी ⏭ लखनऊ


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' (17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025) और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितंबर से 16 अक्टूबर, 2025) का शुभारंभ किया। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी। इस अभियान के तहत यूपी में 75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत भी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि माताओं-बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सभी सुविधाएं निःशुल्क हैं, इसलिए स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने देश को विकसित बनाने के चार स्तंभ नारी, युवा शक्ति, किसान और गरीब को रेखांकित किया, जिसमें नारी शक्ति को राष्ट्रप्रगति का मुख्य आधार बताया। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीएम ने इस अभियान को स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की नींव के रूप में पेश किया, जो उनके विजन विकसित भारत का हिस्सा है।

*75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरूआत हुई*

*महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा*

*सामूहिक विवाह योजना में हर बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी*



### सीएम योगी ने आंगनबाड़ी बहनों को दिया मानदेय वृद्धि का

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। पीएम का संदेश हमें प्रेरित करता है और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा। उनकी ट्रेनिंग और समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें।

### नारी सशक्तीकरण की दिशा में सरकार बढ़ा रही मजबूत कदम

योगी ने नारी सशक्तीकरण की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, कन्या सुमंगला और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदम उठाए गए हैं, जिनका स्वागत नया भारत कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में यूपी सरकार ने बेटी की निशुल्क शिक्षा और कन्या सुमंगला योजना के तहत 25,000 रुपये का पैकेज दिया, जबकि सामूहिक विवाह योजना में हर बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता दी गई। सीएम योगी ने कहा कि 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों और 10 लाख महिला स्वयं-सहायता समूहों के साथ 1 करोड़ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा कि प्लांट्स से 60,000 बहनें 8,000 रुपए मासिक कमा रही हैं, और नेफेड के सहयोग से यह आए बढ़ेगी।

### यूपी में 75 जनपदों में 20,324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत

*सीएम योगी ने प्रदेश के 75 जनपदों में 20,324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की, जहां रक्त, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, एनीमिया और टीबी की निशुल्क जांच होगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों के टीकाकरण और जागरूकता पर केंद्रित है। 507 रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे, जिसमें युवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएम योगी ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की सराहना की और बताया कि यह 15 दिन का पखवाड़ा न केवल जांच, बल्कि निशुल्क उपचार का माध्यम बनेगा। चिकित्सा विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आरोग्य मंदिरों, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों को जोड़ा गया है।*

प्रतिज्ञा योजना का वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया

# विश्वकर्मा पूजा पर नीतीश सरकार ने 16.5 लाख श्रमिकों के खाते में



एजेंसी ⏭ पटना

आज पूरा बिहार विश्वकर्मा पूजा मना रहा है। इस खास मौके पर सीएम नीतीश कुमार ने बड़ा काम किया है। उन्होंने बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 16.4 लाख निर्माण श्रमिकों के खातों में लगभग 802 करोड़ रुपए के हस्तांतरण की घोषणा कर। इतना ही नहीं नीतीश सरकार आज 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' का एक वेब पोर्टल भी लॉन्च शुभारंभ करने जा रही है। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज सृजन के प्रणेता भगवान विश्वकर्मा की आराधना का दिवस है और आज ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिवस भी है। प्रधानमंत्री देश एवं नागरिकों के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा के साथ बिना रूके, बिना थके लगातार परिश्रम कर रहे हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने लिखा कि यह सुखद संयोग है कि 'बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड' के तहत श्रमिकों के खाते में आज राशि हस्तांतरित की जा रही है। आज 16 लाख 4 हजार 929 निर्माण श्रमिकों के खाते में वार्षिक वस्त्र सहायता योजनान्तर्गत पांच हजार रुपए प्रति निर्माण श्रमिक की दर से कुल 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपए की राशि का सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। इससे निर्माण कार्यों में लगे श्रमिक वर्ग के लोगों का जीवन और बेहतर हो सकेगा एवं उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास होगा।

वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया जा रहा है सीएम नीतीश कुमार ने लिखा कि आज खास मौके पर मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया जा रहा है। समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए हमलोग शुरू से कार्य कर रहे हैं। आज राज्य जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के नए आयामों को छू रहा है, उसमें हमारे श्रमिक भाई-बहनों का अतुलनीय योगदान है। उनके विकास के लिए सरकार लगातार काम करती रहेगी।

## तीन जिलों के एएसपी भी बदले

# यूपी में सात आईपीएस अफसरों के हुए तबादले




एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तरप्रदेश में बुधवार को सात आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इनमें तीन जिलों के एसपी-एएसपी भी शामिल हैं। आईपीएस देव रंजन वर्मा को पुलिस उपमहानिरीक्षक, नियम एवं ग्रंथ, लखनऊ से पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रशिक्षण निदेशालय, लखनऊ के लिए भेजा गया है।

एसडीआरएफ, लखनऊ में तैनात सेनानायक डॉ सतीश कुमार को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र में जिम्मेदारी दी गई है।

प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त अभिजीत कुमार को मेरठ का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के रूप में तैनात अतुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस उपायुक्त/अपर पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ में तैनात ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ भेजा गया है।

अमेठी में तैनात एसपी/एएसपी शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद के रूप में तैनात त्रिगुण बिरोन को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, गाजियाबाद की जिम्मेदारी दी गई है।

## बिजनेस न्यूज

### ट्रंप से लेकर पुतिन, नेतन्याहू...

लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर बने हुए तनाव और नई दिल्ली में हुई भारत-अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधियों की बातचीत के दौर में हुआ है। 50 में से 25 फीसदी टैरिफ अमेरिकी जुर्माने का हिस्सा है, 27 अगस्त से भारत पर पूरा टैरिफ लागू हो गया है। ट्रंप के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन, भूटान के पीएम शेरिंग टोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीनचंद्र रामगुलाम, गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली, म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग.एच, ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने भारत के प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी है। वैश्विक नेताओं ने अपने बधाई संदेशों में पीएम मोदी से मुलाकात की इच्छा जताते हुए उन्हें अपने देश की यात्रा करने के लिए भी आमंत्रित किया है। यहां बता दें कि गुजरात के एक छोटे शहर वडनगर में 17 सितंबर 1950 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म हुआ था। पीएम मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तमाम वैश्विक नेताओं के प्रति धन्यवाद के साथ उनके प्रति आभार प्रकट किया।

### पुतिन ने सराही भारत-रूस...

ये संदेश क्रेमलिन की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। जिसमें पुतिन ने ये भी कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीक के क्षेत्र में बेहद आकर्षक उपलब्धियां हासिल की हैं। इतना ही नहीं वो मोदी ही हैं जिन्होंने दोनों देशों की विशेष विशिष्ट सामरिक भागीदारी को मजबूती प्रदान करने में व्यक्तिगत रूप से काफी अहम भूमिका निभाई है। जो विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग पर आधारित है। जवाब में पीएम ने राष्ट्रपति पुतिन के शुभकामना संदेश के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि हम अपनी विशेष-विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है।

### अब ईवीएम में दिखेगी...

उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा।

**एक ही फोंट होगा :** इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

### वैष्णो देवी की यात्रा...

को अत्यधिक खराब मौसम के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन होने से कुछ तीर्थयात्रियों की जान चली और कुछ घायल हो गए थे। इसके कारण माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई थी। कटरा में पिछले दिनों हुए भूस्खलन के बाद प्रशासन ने होटल और धर्मशालाओं को खाली करने का आदेश जारी किया था।

### चार्जिंग में ई स्कूटी...

अपने परिवार के साथ था। प्रमोद की 14 वर्षीय बेटी काकुल दादा-दादी के पास ही सो रही थी। तभी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में शॉर्ट सर्किट हुआ और जोरदार विस्फोट के बाद आग फैल गई। दादा भगवती प्रसाद ने किसी तरह पोती काकुल को जगाकर ऊपर भेजा, लेकिन वे खुद कमरे में फंस गए। आग इतनी भीषण थी कि दरवाजा खोलना असंभव हो गया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण हुई लग रही है।

# यूपी में बारिश और बिजली गिरने से 10 की मौत



एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मंगलवार रात और बुधवार को दिन में बारिश और बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 13 लोग झुलस गए। सबसे ज्यादा जौनपुर में तीन लोगों की मौत हुई है। सोनभद्र में म्योरपुर थाना क्षेत्र के काचन गांव में मंगलवार रात एक घर पर बिजली गिरने से अंशिका (13) की मौत हो गई। इसी तरह मिर्जापुर में हलिया के सुखरा बांध के पास बुधवार दोपहर जंगल से लकड़ी लेकर घर आ रही उर्मिला (45) की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं, अहुगी कला गांव में बिजली गिरने से पांच लोग झुलस गए। इसी तरह जौनपुर जिले के सुल्तानपुर गौर गांव में किशन (15), अतुल (13) की बिजली गिरने से मौत हो गई। दोनों बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे। वहीं नोनारी भुड़कुड़हा गांव में धान के खेत में खाद डालते समय बिजली गिरने से किसान बहादुर गौतम (50) की मौत हो गई। वहीं, प्रयागराज के कोरांव तहसील के नेवढ़िया में बकरी चराने गए महेश उर्फ बबलू (20), करछना में 16 वर्षीय अभिषेक पटेल पुत्र शिवा लाल पटेल व मेजा थाना क्षेत्र के भैंया गांव के पशुपालक फूलचंद्र पाल (62) की बारिश के दौरान

### सिरफिरे पति ने गर्भवती पत्नी की बांके से वारकर की निर्मम हत्या

**गुडंबा।** गुडंबा के दसौली गांव में बुधवार शाम दिल दहला देने वाली घटना घटी। सिरफिरे अंकुर ने आपसी विवाद के चलते सात माह की गर्भवती पत्नी नीलम (22) पर बांके से हमला कर दिया। हमले में उनका बायां हाथ कोहनी से अलग हो गया। अंकुर की मां फूलमती बहू को बचाने दौड़ी तो आरोपी ने मां पर भी हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने अंकुर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल दोनों महिलाओं को पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां नीलम की मौत हो गई। उनके गर्भ में पल रहे बच्चे की भी जान चली गई। फूलमती का इलाज चल रहा है।

## लखीमपुर खीरी में नदी-नाले उफनाए

# चालीस दिन में चार लोगों को मगरमच्छों ने बनाया निवाला

एजेंसी ⏭ लखीमपुर



लखीमपुर खीरी जिले में बाढ़ और बारिश की दुश्वारियों के बीच आबादी के करीब नदी, नालों या फिर तालाबों में मगरमच्छों के आने से लोगों पर खतरा बढ़ गया है। बीते 40 दिनों में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में मगरमच्छों के हमले से चार लोगों की जान जा चुकी है, जबकि तीन लोग घायल भी हुए हैं। यही नहीं कई जगहों पर आबादी के करीब मगरमच्छों के डेरा जमाने से लोगों में दहशत है।

बीती आठ सितंबर की शाम मझगईं क्षेत्र में मुर्गहा गांव निवासी ब्रदी के 22 वर्षीय पुत्र श्रीवास्तव उर्फ कुक्कू की मगरमच्छ के हमले में मौत हो गई थी। घटना उस वक्त हुई थी, जब कुक्कू अपने साथी मंगल व अन्य लोगों के साथ काम कर घर लौट रहा था। इस दौरान सुतिया नाला पार करते समय किनारे पर घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने अचानक कुक्कू पर हमला कर दिया और कमर से पकड़कर उसे पानी के अंदर खींच ले गया था। बेटे के सामने पिता को खींच ले गया।

## 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ

# महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही हैं: मुख्यमंत्री

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान का शुभारंभ सदर अस्पताल से राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में चलेगा।

वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य में जल्द ही रिम्स-2 अस्पताल बनाया जाएगा



ताकि स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत हों। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्वास्थ्य सचिव, उपायुक्त और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ऑनलाइन जुड़े और सभा को संबोधित किया। कोई मां छूट न जाए, कोई बेटी छूट न जाए, यही सरकार का संकल्प है। पीएम ने बताया कि मातृ वंदना योजना और राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत अब तक 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक महिलाओं के खातों में भेजे जा चुके हैं। आदिवासी क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया की गंभीरता पर चिंता जताई और बताया कि विशेष क्लीनिक खोले गए हैं तथा अब तक 5 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। साथ ही उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील है और अबुआ स्वास्थ्य योजना इसका उदाहरण है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा और इसका लक्ष्य है कि स्वस्थ नारी के माध्यम से सशक्त परिवार और मजबूत समाज का निर्माण।







अनेक वजहों से आज के दौर में बहुत से लोग कब्ज की समस्या से ग्रस्त रहते हैं। इसके कारणों को जानकर आप कुछ उपायों पर अमल करके इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। इनके बारे में जानिए।

# तब कब्ज नहीं करेगा परेशान


ट्रीटमेंट
शिखर चंद जैन




वर्तमान समय में कब्ज की समस्या लोगों में काफी बढ़ गई है। इसके कई कारण हैं। मुख्य रूप से हमारी आधुनिक जीवनशैली, बिगड़ा खान-पान और पर्यावरण में बदलाव इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**अनहेल्दी डाइट:** फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती हुई आदत, फाइबर युक्त भोजन (जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज) की कमी और और कम पोषक तत्वों वाले आहार का अधिक सेवन हमारी आंतों को नुकसान पहुंचाते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से मल नरम नहीं रहता और पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है। साथ ही अत्यधिक चीनी, वसा और रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन का सेवन भी नुकसानदायक है।

**बदलती जीवनशैली:** शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम न करना आदि से आंतों की गतिशीलता कम होती है। नींद पर्याप्त न लेना भी पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। व्यस्तता या सुविधाओं की कमी के कारण शौच की इच्छा को बार-बार दबाना भी एक बड़ी वजह है।



**मानसिक स्वास्थ्य:** आधुनिक जीवन का तनाव, चिंता और अवसाद पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। तनाव आंतों की गतिशीलता को कम कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आंत-मस्तिष्क संबंध को प्रभावित करती हैं।

**चिकित्सीय कारण:** कुछ दवाएं जैसे दर्द निवारक, एंटासिड, एंटी-डिप्रेसेंट और आयरन सप्लीमेंट्स कब्ज का कारण बन सकती हैं। मधुमेह, थायरॉइड और अन्य पुरानी बीमारियां भी पाचन तंत्र को प्रभावित करती हैं।

**आयु और हार्मोनल बदलाव:** उम्र बढ़ने के साथ आंतों की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसके अलावा गर्भावस्था, मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति जैसे हार्मोनल बदलाव भी कब्ज को बढ़ा सकते हैं।

**समाधान के उपाय:** कब्ज से बचाव के कई उपाय हैं।

**चोकरयुक्त आटा:** डायबिटिक डाइटीशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट्स कहते हैं कि यदि 3 मुट्ठी आटे में एक मुट्ठी चोकर डालकर गूंधा जाए तो इस आटे से बनी चपाती अधिक संतुष्टि देती है। चोकरयुक्त आटे का इस्तेमाल किया जाए, तो रोटियां पौष्टिकता देने के साथ-साथ वजन भी कम करेंगी और पेट भी साफ रहेगा।

**ओट्स:** ओट्स में मौजूद घुलनशील डाइटरी फाइबर पाचन क्रिया को सुचारु रखता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है। इससे कब्ज की शिकायत नहीं रहती। यदि नाश्ते में सुबह केवल ओट्स लेते हैं, तो साथ में सूखे फल और ताजा मौसमी फल जैसे सेब, नाशपाती, आम, स्ट्राबेरी, केला, ब्लूबेरी इत्यादि अवश्य लें। ऐसा करना पौष्टिकता देने के साथ पेट भी साफ रखेगा।

**कुदरती उपचार:** सुबह उठते ही सीधे लेट जाएं, फिर एक तौलिया ठंडे पानी में भिगोकर पेट पर रखें। उसके ऊपर गरम शॉल लपेट लें। 10 मिनट के बाद ठंडा तौलिया हटाकर उस के स्थान पर गरम पानी में भीगा निचोड़ा हुआ तौलिया पेट पर रख कर उस के ऊपर शॉल लपेट कर 10-15 मिनट लेटें। शुरू-शुरू में यह प्रक्रिया हो सके तो 2-3 बार करें। आप देखेंगे बहुत जल्द ही आप के बॉवेल सिंड्रोम और बॉवेल मूवमेंट में फर्क पड़ेगा। सर्द-गरम पेट पर पट्टी लगाने और हल्की-फुल्की कसरत से भी लाभ होगा।

## ये भी आजमाएं

- फाइबरयुक्त आहार (जैसे हरी सब्जियां, फल, ओट्स, चिया सीड्स) का सेवन बढ़ाने से लाभ होगा।
- रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं।
- नियमित किसी भी तरह का व्यायाम करें, जैसे योग या तेज चलना।
- तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं।
- शौच की इच्छा को नजरअंदाज न करें और नियमित समय पर शौच जाएं।
- आवश्यक हो तो चिकित्सक से सलाह लें, विशेष रूप से यदि कब्ज पुराना हो। *

**(आयुर्वेद-यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राजन शर्मा से बातचीत पर आधारित)**




डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ.(प्रोफेसर) विनय गोयल
चेयरमैन-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम


स्पेशल: वर्ल्ड अल्जाइमर-डे, 21 सितंबर

ओल्ड एज में न्यूरॉन्स के डैमेज होने और अन्य कुछ कारणों से व्यक्ति अल्जाइमर की गिरफ्त में आ सकता है। इससे उसकी मेमोरी पावर वीक होने लगती है और कई तरह की मेंटल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इससे पेशेंट को नॉर्मल लाइफ जीने में परेशानी होती है। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों के साथ ही कुछ बातों को लेकर सावधानी बरती जाए तो इसके प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# अल्जाइमर जब ओल्ड एज में मेमोरी पावर होने लगती है वीक

डब्ल्यूएचओ के अनुसार साढ़े पांच करोड़ से अधिक लोग दुनिया भर में डिमेंशिया (जिसका एक प्रमुख प्रकार अल्जाइमर डिजीज (संक्षेप में ए.डी. है) से पीड़ित हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से ही संबंधित होते हैं।

## क्या है अल्जाइमर

जर्मनी के प्रख्यात मनोचिकित्सक एलोइस अल्जाइमर ने अल्जाइर रोग की पहचान की थी। इसलिए उन्हीं के नाम पर इस मर्ज का नाम अल्जाइमर पड़ा, जिसे अंग्रेजी भाषा में 'अल्जाइमर्स डिजीज' या ए.डी. कहा जाता है। एलोइस अल्जाइमर ने कहा था कि जब युवावस्था की दोपहर के बाद जिंदगी की शाम होती है, तब यादें ही हमारा सहारा होती है। मन दुखद यादों को भूलना चाहता है और सुखद यादों में डूबना चाहता है। उम्र बढ़ने के साथ यादें हमारी साथी बन जाती हैं, लेकिन क्या होगा अगर याद्दाश्त खुद ही फीकी पड़ने लगे और खो जाए? अल्जाइमर रोग में यही होता है।

## समय रहते हो जाएं सचेत

डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का एक प्रमुख प्रकार है-अल्जाइमर। डिमेंशिया मस्तिष्क संबंधी विकारों का एक समूह है, जिसमें व्यक्ति की याद्दाश्त, सोच, भाषा और उसका कौशल क्षीण होने लगता है और उसके व्यक्तित्व एवं व्यवहार में नकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से संबंधित होते हैं। गौरतलब है कि अल्जाइमर की समस्या रातों-रात नहीं होती। कई सालों के बाद यह रोग गंभीर रूप धारण करता है। समय रहते इस रोग का पता चलने पर पीड़ित व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) 8-10 साल से अधिक हो सकती है, हालांकि इसके अपवाद भी संभव हैं।

## रोग के कारण

बढ़ती उम्र यानी वृद्धावस्था (आमतौर पर 60 साल से अधिक) में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के मृत होने और इनमें असामान्य रूप से प्रोटीन के संचित होने को अल्जाइमर का कारण माना जाता है, लेकिन इस रोग के कारणों पर अभी तक शोध-अध्ययन जारी हैं।

## ये हैं प्रमुख लक्षण

- चंद दिनों पहले घटी घटना भी भूल जाना।
- हाल में ही संपर्क में आए लोगों के नामों को भी भूल जाना।
- समय और स्थान के बारे में असमंजस होना।



- अत्यंत गंभीर स्थिति में मरीज अपने परिजनों तक को नहीं पहचानता या फिर उनका नाम भूल जाता है।
- बोलते समय सही शब्द का चयन और उच्चारण करने में दिक्कत।
- नित्य क्रिया और दैनिक कार्य करने में कठिनाई जैसे कमीज के बटन बंद करने में दिक्कत महसूस करना आदि।
- लोगों का चेहरा पहचानने में परेशानी।
- पीड़ित व्यक्ति के व्यक्तित्व में नकारात्मक परिवर्तन होना।
- अल्जाइमर रोगी अकसर समाज से अलग-थलग पड़ जाते हैं। इस कारण ये अवसाद से ग्रस्त हो सकते हैं। क्रोध और चिड़चिड़ापन इनके स्वभाव का अंग बन जाता है।
- आमतौर पर अल्जाइमर के लक्षण इस बीमारी की अवस्था (स्टेज) पर निर्भर करते हैं। जैसे बीमारी के शुरुआती दौर में व्यक्ति नाम या स्थान को कुछ सेकेंड या मिनट के लिए भूल सकता है, लेकिन बीमारी की तीसरी अवस्था या स्टेज में व्यक्ति अपने घर वालों का नाम भी भूल सकता है।

## एजिंग प्रोसेस नहीं है अल्जाइमर

उम्र बढ़ने (आमतौर पर 60 साल के बाद) के साथ मस्तिष्क और शरीर की कार्यक्षमता निरंतर कम होती जाती है, जिसे एजिंग प्रोसेस कहा जाता है। इस दौरान व्यक्ति की याददाश्त कम होने लगती है, लेकिन उसे बोलते समय सही शब्द का चयन करने और दैनिक कार्यों को अंजाम देने में दिक्कत महसूस नहीं होती, जबकि अल्जाइमर की समस्या में उपरोक्त लक्षण सामने आते हैं।

## डायग्नोसिस के तरीके

न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा सबसे पहले मरीज का क्लीनिक में शारीरिक और मानसिक परीक्षण (जिसमें स्मृति परीक्षण भी शामिल है) किया जाता है। इसके अलावा मस्तिष्क में स्मृति से संबंधित कौन सा भाग कितना विकारग्रस्त है, यह जानने के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई या पीईटी स्कैन नामक परीक्षण कराए जाते हैं। कुछ मामलों में ईईजी टेस्ट भी कराते हैं।

## इलाज के बारे में

अल्जाइमर्स का कोई स्थाई इलाज नहीं है। अतीत में 'अमेरिकन ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' अल्जाइमर्स से संबंधित एक दवा को अनुमति प्रदान कर चुका है, जिसके क्लीनिकल ट्रायल जारी हैं। इस मर्ज में सिर्फ लक्षणों को कम करने के लिए कुछ विधियां और उपचार उपलब्ध हैं।

- अवसाद (डिप्रेशन) और मरीज की घबराहट को नियंत्रित करने के लिए दवाएं दी जाती हैं।
- उच्च रक्तचाप की समस्या होने पर इसे नियंत्रित करने वाली दवाएं देते हैं।
- शारीरिक और मानसिक गतिविधियां रोगी की प्रतिदिन की गतिविधियों में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसे योगासन, प्राणायाम शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।
- कुछ मानसिक अभ्यास जैसे सुडोकू, क्रॉसवर्ड, पहेली आदि मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में सहायक हैं।
- कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि नई भाषाएं सीखने से मस्तिष्क का अच्छा अभ्यास होता है और सीखने की इस प्रवृत्ति से अल्जाइमर्स की रोकथाम में मदद मिलती है।

## फैमिली सपोर्ट है इंपॉर्टेंट

अल्जाइमर न केवल रोगी को बल्कि उसके परिवार को भी प्रभावित करता है। इसलिए परिवार के सदस्य पीड़ित व्यक्ति के लिए वक्त निकालें,



उनसे बात करें और उनके साथ टहलें ताकि उनके तनाव को दूर करने में मदद मिले। डॉक्टर, दोस्त और पड़ोसी के रूप में हम मरीज की मदद कर सकते हैं।

## इन्हें है अल्जाइमर का अधिक रिस्क

- 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अल्जाइमर का जोखिम सर्वाधिक होता है।
- जिन लोगों के परिवार के किसी सदस्य को अतीत में अल्जाइमर की समस्या रही है, उनमें इस रोग के होने का जोखिम ज्यादा होता है।
- किसी व्यक्ति के शरीर में कुछ जींस ऐसे होते हैं, जो अल्जाइमर रोग के खतरे को बढ़ा देते हैं।
- जिन लोगों के मस्तिष्क में किसी दुर्घटना से गंभीर आघात लगा है या किन्ही कारणों से गंभीर चोट लगी है और ऐसे लोग दुर्घटना के बाद देर तक बेहोश रहे हैं, उनमें कालांतर में अल्जाइमर होने का जोखिम बढ़ जाता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



### पोषक तत्वों का सेवन लाभकारी

**अल्जाइमर की** रोकथाम या इस मर्ज की प्रक्रिया को धीमा करने में संतुलित और पौष्टिक खान-पान का भी महत्व होता है। इसके अलावा जो लोग अल्जाइमर से ग्रस्त हो चुके हैं, उन्हें और उनके परिजनों को भी मरीज के संदर्भ में संतुलित और पौष्टिक खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक और संतुलित आहार मस्तिष्क और इसकी कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के क्रियाकलाप को सही तरीके से संचालित करने में मदद करता है। जैसे अखरोट के सेवन से याददाश्त को बरकरार रखने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो मस्तिष्क के क्रियाकलापों को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।

अखरोट के अलावा विटामिन बी 12 (जो मौसमी फलों, हरी सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पाया जाता है), मछली, कीवी, अनार और विभिन्न रूपों में हल्दी का सेवन कमजोर होती याददाश्त को रोकने में सहायक हैं। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो याददाश्त को सशक्त बनाने में सहायक है।




सीजनल डिजीज
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली


इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से होने वाले वायरल फीवर से पेशेंट लंबे समय तक ग्रस्त रह सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ यहां विस्तार से बचाव के बारे में भी बता रहे हैं।

# वायरल फीवर कर रहा है लंबे समय तक बीमार



इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर के मामले बहुतायत में देखने को मिल रहे हैं। इसकी बड़ी वजह बारिश का दूसरे साल से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होना और जगह-जगह जल-जमाव होना मानी जा रही है। बरसात के बाद के मॉयश्चरयुक्त आबोहवा में वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर तेजी से मल्टीप्लाई करते हैं और उनके नए वेरिएंट्स भी पैदा होते हैं, जिनकी वजह से कई तरह के बुखार और बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक है-आजकल फैला वायरल फीवर। इस बार का वायरल फीवर एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से फैल रहा है। इसकी पुष्टि मेडिकल साइंस मे बायोफार्मा टेस्ट से हुई है।

## वायरस के नए वेरिएंट के लक्षण हैं ज्यादा गंभीर

यूं तो वायरल फीवर हर साल बदलते मौसम में फैलता है, जिसमें मरीज आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाते थे। लेकिन एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट से पीड़ित कई मरीजों का बुखार पैरासिटामॉल या क्रोसिन जैसी दवाइयों से काबू नहीं हो पा रहा है। बुखार जल्दी नहीं उतरता, उतरने के कुछ समय बाद दुबारा आ जाता है। बुखार उतरने में 10-12 दिन लग रहे हैं। कुछ मामलों में तो यह बुखार 3 संप्ताह तक बना रहता है। ऐसे मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ रही है। यही नहीं कई मरीज ऐसे भी हैं, जिन्हें ठीक होने के बाद भी लगातार खांसी, कमजोरी और भूख न लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कुछ डॉक्टरों ने तो इस वायरल फीवर को क्रोसिन फेल फीवर का नाम दे दिया है।

## कैसे फैलता है यह वायरस

इंफ्लूएंजा एच3एन2 वायरस, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमित मरीज जब छींकता या खांसता है, तो ड्रॉपलेट एक मीटर के दायरे तक फैल जाते हैं और आस-पास मौजूद व्यक्ति के सांस लेने पर ड्रॉपलेट उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। या फिर संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने पर वायरसयुक्त ड्रॉपलेट किसी सतह या किसी चीज पर गिरते हैं, जिसे स्वस्थ व्यक्ति के छूने पर हाथ में ट्रांसफर हो जाते हैं और आंख-नाक-मुंह के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में परिवार में एक से दूसरा व्यक्ति इसकी चपेट में आ रहे हैं।

## क्या होते हैं लक्षण

संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार आता है। इसके साथ ही सिर दर्द, पूरे बदन का टूटना और दर्द होना, जबड़ों-गर्दन-कमर-जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, खांसी-जुकाम होना, गले में खराश, बलगम, नाक बंद होना, सांस लेने में कठिनाई होना, भूख कम होना, पेट दर्द, डायरिया या लूज मोशन होना, बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं हो रही हैं।

## किन्हें है ज्यादा रिस्क

कमजोर इम्यूनिटी वाले छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं इस वायरस की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इम्यूनो कॉम्प्रोमाइज लोग यानी टीबी, अस्थमा या पहले फेफड़ों में इंफेक्शन, किडनी, कार्डिएक डिजीज जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है।

### उपचार के तरीके




**डॉक्टर मरीज** को ऑब्जर्व करके, पूरा एगजामिनेशन करके और एच3एन2 का बायोफार्मा टेस्ट करवाते हैं। इसके साथ एहतियातन टाइफायड, डेंगू, मलेरिया का टेस्ट भी कर सकते हैं। बुखार के लिए पैरासिटामोल, विटामिन सी देते हैं। कुछ लोगों को एंटीबायोटिक दवाइयां भी देने की जरूरत पड़ती है ताकि आगे जाकर सेकेंड इंफेक्शन न हो। मरीज को पूरा आराम करने, बलगम ज्यादा होने पर स्टीम लेने, शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी भरपूर मात्रा में पीने और लिक्विड डाइट लेने की सलाह दी जाती है।

## कब करें डॉक्टर से कंसल्ट

अगर बुखार 3 दिन से ज्यादा बना हुआ है और पैरासिटामोल लेने के बाद भी काबू में नहीं आ रहा तो यह साधारण वायरल फीवर नहीं है, तब देर न करें, तुरंत डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

## कैसे करें बचाव

- अपनी इम्यूनिटी मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।
- घर का बना ताजा, गर्म, पौष्टिक और संतुलित खाना खाएं। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसमी और ताजी फल-सब्जियों का सेवन करें। अदरक, लहसुन जैसी चीजों को अपने आहार में जरूर शामिल करें। खट्टे फल, फ्रिज में रखा ठंडा जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम से परहेज करें। खटाई, दही जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें। ज्यादा से ज्यादा पानी और लिक्विड डाइट का सेवन करें। यथासंभव गुनगुना पानी पिएं।
- बरसात में भीगने की स्थिति में गर्म पानी से जरूर नहाएं। सिर और बाल अच्छी तरह धोकर सुखाएं। चाय-कॉफी-कहवा जैसे गर्म पेय लें। केसर वाला दूध या चाय पीने से आराम मिलता है।



- रेगुलर वर्कआउट, व्यायाम, शुद्ध-साफ हवा में सांस लें, योग करें।
- बदलते मौसम में फ्लू से बचने के लिए न्यूमोकोकल इंफ्लूएजा वैक्सीन हर साल जरूर लगवाएं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए जरूरी है।
- फ्लू होने पर अपने आपको आइसोलेट करें ताकि दूसरे लोग संक्रमित न हो पाएं। जितना जल्दी हो सके, डॉक्टर से कंसल्ट करें। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाइयां न लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा




चीता परियोजना के सफल तीन वर्ष

# चीता परियोजना की सफलता से मध्यप्रदेश बना एशिया का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पालपुर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बढ़ते चीतों के परिवार के साथ मध्यप्रदेश एशिया का गौरव बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश को चीता परियोजना की सौगात मिली थी। प्रधानमंत्री ने 17 सितम्बर 2022 को अपने जन्म दिवस पर पहले पालपुर कूनो में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। आज चीतों के परिवारों में वृद्धि हो रही है। 'प्रोजेक्ट चीता को 'इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार हाल ही में नई दिल्ली में आईएफएस एसोसिएशन और इंडियन मास्टरमाइंड्स द्वारा आयोजित तीसरे इको वॉरियर अवॉर्ड्स कार्यक्रम में प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अवॉर्ड मिलने पर चीता परियोजना से जुड़ी प्रबंधन टीम को बधाई दी है।

**17 सितम्बर 2022 को पीएम मोदी ने अपने जन्म दिवस पर कूनो में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी**

**प्रोजेक्ट चीता को 'इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड'**



### चीते फर्राटे भर रहे

प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से आठ चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाकर हुई। इसने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तत्काल ध्यान आकर्षित किया। कई शंकाएँ भी उठीं कि भारतीय वातावरण चीता के लिए उपयुक्त नहीं है। इस अवधारणा को तोड़ते हुए कूनो पालपुर और गांधी सागर अभयारण में चीते फर्राटे भर रहे है और उनकी संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### चीतो को भायी मप्र की आवोहवा

चीता ने भारतीय वातावरण को आश्चर्यजनक रूप से तेजी से अपना लिया है। पिछले तीन वर्षों में पाँच चीता मादाओं द्वारा 6 बार शावकों को जन्म देना इस परियोजना की सफलता और लचीलापन का परिचायक है। वे भारतीय शिकार जैसे चीतल के प्रति अच्छी अनुकूलता दिखा रहे हैं। शुरुआत में डर था कि तेंदुओं से संघर्ष होगा, लेकिन प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र ने खुद को संतुलित किया, और शिकारी प्रजातियाँ अपने-अपने क्षेत्र में सीमित हो गईं।

### तीन वर्षों की सीख और सफलता

प्रोजेक्ट चीता की टीम के अथक प्रयासों के परिणाम सामने हैं। चीते न केवल जीवित रहे बल्कि सफलतापूर्वक अपना परिवार भी बढ़ाया। उनकी उपस्थिति ने घास के मैदानों और खुले जंगलों की ओर फिर से ध्यान आकर्षित किया। ऐसे परिस्थितिकी तंत्र पहले उपेक्षित थे। कूनो में घास के मैदानों में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और स्थानीय समुदायों को पर्यटन के माध्यम से लाभ पहुँचना इस चीता परियोजना की बड़ी उपलब्धियाँ हैं। चीतों की पुनःस्थापना से पारिस्थितिकी को कोई नुकसान नहीं हुआ। हर चीते की बारीकी से निगरानी, पेशेवर पशु चिकित्सकों द्वारा देखभाल, और सुरक्षित वातावरण ने चीता परियोजना को वैश्विक मानकों के बराबर खड़ा कर दिया है।

### नवाचार, संकल्प और आशा का प्रतीक प्रोजेक्ट चीता

*प्रोजेक्ट चीता की तीन वर्ष की यात्रा चुनौतीपूर्ण होने के साथ प्रेरणादायक भी रही है। यह परियोजना अब और अधिक प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। पिछले तीन वर्षों में चीता परियोजना प्रबंधन टीम ने कभी हार नहीं मानने का पाठ सीखा। चीता प्रबंधन के हर पहलू से ऐसी मूल्यवान जानकारियाँ मिलीं हैं, जिससे अनुभव रखने वाले और नए दोनों पेशेवरों की समझ में वृद्धि हुई है। किसी जीवित प्राणी के साथ काम करते समय जोखिम अनिवार्य होते हैं। पिछले तीन वर्षों में केंद्र और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों, फील्ड मैनेजर्स, पशु चिकित्सकों और फ्रंटलाइन स्टाफ का आत्मविश्वास मजबूत हुआ। इन वर्षों में यह भी साबित हो गया कि मध्यप्रदेश आपात स्थितियों और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम है। प्रोजेक्ट चीता की सफलता टीमवर्क का प्रतीक है जहाँ सभी पेशेवर एक ही उद्देश्य के लिए प्रतिबद्धता और कौशल के साथ कार्य कर रहे हैं।*

### चीता की लगातार बढ़ती संख्या

*चीता परियोजना की सबसे उत्साहजनक उपलब्धि रही है कि भारत में शावकों का जन्म हुआ। वर्तमान में 25 चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में हैं। दो नर गांधी सागर सेंचुरी में सफलतापूर्वक पुनर्वासित हो चुके हैं। इस प्रकार कुल 27 चीते है। कूनो के परिदृश्य में एक आत्मनिर्भर और मुक्त विचरण करने वाली चीता आबादी स्थापित करना निकट भविष्य का लक्ष्य है। तीन वर्षों की सफलता के साथ प्रोजेक्ट चीता का यह संदेश है कि यह केवल एक प्रजाति की वापसी नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रकृति संरक्षण में भारत के समर्पित नेतृत्व का प्रतीक है। चीता की वापसी यह सिद्ध करती है कि विलुप्ति अंतिम नहीं होती और दूरदृष्टि तथा संकल्प के साथ खोई विरासत को वापस लाया जा सकता है।*

---

## खबर संक्षेप

### पैनल में नामांकन के लिए आमंत्रण

**भोपाल।** केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के 8 सितम्बर को जारी अधिसूचना के अनुसार सीपीएसई, सांविधिक निकायों की ओर से विद्युत मंत्रालय प्रशासनिक नियंत्रण में लागू की जा रही परियोजनाओं के संविदात्मक विवादों के निपटान के लिए समझौता समितियों के गठन के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों के पैनल में नामांकन के लिए अभिरूचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट https://powermin.gov.in/en में उपलब्ध है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यकाल 6 माह बढ़ाया

**भोपाल।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के कार्यकाल में छह माह की वृद्धि कर दी है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार आयोग का कार्यकाल सितंबर 2025 से बढ़ाकर अब फरवरी 2026 तक कर दिया गया है।

### 50 विद्यार्थी उद्यमशीलता का प्रशिक्षण लेंगे

**भोपाल।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 50 मेधावी विद्यार्थी 22 सितम्बर से उद्यमशीलता रोमांच शिविर में शामिल होंगे। यह शिविर भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित एनसीईआरटी परिसर के पं. सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान में 26 सितम्बर तक आयोजित होगा। इन विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर पर आयोजित वोकेशनल स्किल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### लापरवाह वेंडरों को चयन सूची से हटाया

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र स्थापना में लापरवाही करने वाले वेंडरों को चयन सूची से हटाने की कार्रवाई की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सूर्याय नमः एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिष्ठा एंटरप्राइजेज, भगवती कृपा सोलर पावर प्राइवेट लिमिटेड, इक्विपोलेंट एनर्जी सॉल्यूशंस कंसल्टेंसी ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, लाभ ग्रीन एनर्जी, सेंटौर पॉवर्स एंड सोलर एनर्जी, स्पार्कल एनर्जी सॉल्यूशन, मां रीवा एंटरप्राइजेज, बटेश्वर सोलर प्राइवेट लिमिटेड आदि को हटाया है।

---

**राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और 8वें पोषण माह का शुभारंभ**

# हरियाणा में पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर नारी शक्ति का सम्मान

**रोहतक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा, सीएम सैनी ने किया अभियान का आगाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देशभर में महिलाओं को अनूठा तोहफा मिला। महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को समर्पित अभिनव पहल करते हुए प्रधानमंत्री ने बुधवार को मध्यप्रदेश से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और 8वें पोषण माह सहित अन्य पहलों का शुभारंभ किया। हरियाणा में इस अभियान की शुरुआत रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी. नड्डा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की। समारोह के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश से दिए गए संदेश को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। उल्लेखनीय है कि यह अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।



- नड्डा ने पौधा लगाया, सीएम सैनी ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश
- नशामुक्त हरियाणा के तहत यूथ मैराथन को हरी झंडी दिखाई, खुद भी दौड़े सीएम
- महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य की मजबूती की दिशा में ऐतिहासिक कदम

### मील का पत्थर साबित होगा

यह अभियान महिलाओं के जीवन स्तर सुधारने के लिए, क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर करने के लिए, वीमेन लेड डेवलपमेंट का नया युग देश में लाने की प्रधानमंत्री ने जो गारंटी दी थी, उसे पूरा करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। '8वें पोषण माह' का उद्देश्य भी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

### पौष्टिक आहार खिलाकर पोषण सप्ताह का शुभारंभ किया



समारोह के दौरान, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान IV और विशेष टीकाकरण सप्ताह का शुभारंभ किया। साथ ही, जे पी नड्डा ने शिशु को पौष्टिक आहार खिलाकर पोषण माह का शुभारंभ किया। इसके अलावा, लिंगानुपात में सुधार के लिए रोहतक जिले के गांवों, जहां बेटों के मुकाबले बेटियों की जन्म दर अधिक रही, उन गांवों की सरपंचों को भी सम्मानित किया गया। रोहतक जिले के गांव समचाणा की सरपंच रेणू, गांव खरावड़ की सरपंच सरोज और गांव भैणी सुरजन की काजल को सम्मानित किया गया। साथ ही, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष व अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को वयवंदन कार्ड और आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया।

## प्रशिक्षित कारीगरों को मिलेगा 5 हजार का टॉप-अप प्रोत्साहन




**रोहतक।** भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर हरियाणा में कारीगरों और शिल्पकारों को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत हरियाणा के उन कारीगरों को 5 हजार रुपये का टॉप अप प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को रोहतक में विश्वकर्मा जयंती एवं श्रमिक दिवस समारोह पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शुभ संयोग है कि आज दिव्य शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती है। 21वीं शताब्दी के नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री का जन्मदिन भी है। उन्होंने हरियाणा की पौने 3 करोड़ जनता की ओर से भगवान विश्वकर्मा को नमन किया प्रधानमंत्री को जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की 'मुख्यमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना' की शुरुआत
- मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा को नमन किया, प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी

### 30655 कारीगरों ने पूरा किया कौशल प्रशिक्षण : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चुनौतियां भी हैं, औजार महंगे हैं, डिजाइन बदलते हैं, बाजार तक पहुंचना मुश्किल है और क्रेडिट की ज़रूरत रहती है। इन्हीं तथ्यों को समझते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई है। उन्होंने कहा कि इस योजना को हरियाणा में लागू कर रहे हैं। प्रदेश में 41,366 आवेदक पंजीकृत हुए, इनमें से 30,655 कारीगरों का कौशल प्रशिक्षण पूरा हो चुका है और लगभग 12 हजार कारीगरों को टूल किट भी दी जा चुकी है। इसके अलावा, 6 हजार कारीगरों को 56 करोड़ ऋण दिए गए है।

---

**दिल्ली हाट के रूप में विकसित होगा भोपाल हाट: डॉ. यादव**

## मुख्यमंत्री ने कहा, तीज-त्यौहारों के दृष्टिगत भोपाल हाट का स्वदेशी मेला महत्वपूर्ण



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक सबका साथ-सबका विकास के भाव से जन भागीदारी, स्वच्छता और कल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। भोपाल हाट में लगा स्व-सहायता समूहों का 'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग' इन गतिविधियों की शुरूआत है। मेले में 40 स्व-सहायता समूह भाग ले रहे हैं। इससे लगभग 3 हजार 600 से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।

आगामी तीज-त्यौहारों के दृष्टिगत यह स्वदेशी मेला महत्वपूर्ण है, इससे भोपाल वासी स्वदेशी उत्पादों की आत्मीयता का अनुभव ले सकेंगे। इसके माध्यम से गांवों में घर-घर में बनने वाली वस्तुओं को बाजार और प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। स्वदेशी उत्पाद आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को 'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग' का भोपाल हाट में शुभारंभ किया। उन्होंने घोषणा की कि भोपाल हाट को दिल्ली हाट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल, मंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति भी मौजूद रहे।

### दशहरे पर धूमधाम से होगा शस्त्र पूजन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरे पर प्रदेश में धूम-धाम से शस्त्र पूजन किया जाएगा। यह सौभाग्य का विषय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। स्वतंत्रता से पहले सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने कल्पना कर ली थी कि आजादी तो मिलेगी, लेकिन इसके बाद देश को आजाद रखने के लिए सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में देश भक्त नागरिकों की आवश्यकता होगी। वर्तमान में जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी के भाव के साथ सनातन संस्कृति और विरासत से विकास के पथ पर देश अग्रसर है।*

---

**दिशा की बैठक में सांसद शर्मा, विधायक सबनानी, अकील ने कहा**

# सड़कों पर खड़े हो रहे पार्किंग के वाहन सड़कों से हटाएं बिजली के खंभे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मकानों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों से 70 फीसदी से ज्यादा बिजली के बिल बढ़े हुए आ रहे हैं। ऐसी शिकायतें आम जनता द्वारा की जाती है। जहां पर जाते हैं। ये ही बात सुनने को मिलती है। ऐसा क्यों हो रहा है। लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए चेक मीटर क्यों नहीं लगाए जा रहे हैं।

ये बातें मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में सांसद आलोक शर्मा और कांग्रेस के उत्तर से विधायक आतिफ अकील ने बिजली कंपनी के अफसरों से कही। जिस पर अफसरों ने बताया कि शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।



### गली-मोहल्लों में बिक रही शराब, सड़क पर खुले बार

महपौर मालती राय और कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने कहा कि शहर में फ्लाय ओवर, रहवासी क्षेत्रों में शराब की दुकानें खुलवा दी हैं, जो कि लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई हैं। इन दुकानों के बाहर सड़क पर ओपन बार बन गए हैं।

### इन मुद्दों पर चर्चा

*सांसद ने बैठक में कहा कि शहर में पार्किंग को ठेके पर देने के बाद भी वाहन पार्किंग में खड़े करवाने की बजाए, सड़कों पर लगवाए जाते हैं। जिससे सड़कों पर जाम के हालात बनते हैं। इस समस्या का समाधान स्थाई रूप से किया जाए। बैठक में बिजली, सड़क, पानी, पार्किंग, यातायात, मेट्रो, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि शहर की सड़कें चौड़ी हो गई हैं लेकिन इन पर लगे बिजली के खंभे जानलेवा बनते जा रहे हैं।*

## नगरीय प्रशासन संचालनालय में योग शिविर का आयोजन

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालनालय पालिका भवन में एक विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। यह कार्यक्रम विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे की पहल पर आयोजित किया गया। इनका उद्देश्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में जागरूक करना था। इस योग शिविर का संचालन सुप्रसिद्ध योग प्रशिक्षिका सुश्री अंजना श्रीवास्तव की ओर से किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया।

**बैंक में कैश निकालने वालों की रैकी कर देते थे वारदात को अंजाम**

# अंतरराज्यीय नट गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला-पेंड्रा-मारवाही

जिले के पेंड्रा थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय नट गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। करीब 15 दिन पहले एक शिक्षक की बाइक की डिक्की तोड़कर दिनदहाड़े 34 हजार 500 रुपये की उठाईगिरी की गई थी।

पुलिस की तफ्तीश में मामला सुलझा और आरोपियों की गिरफ्तारी मध्यप्रदेश के शहडोल से हुई। पीड़ित शिक्षक ने बैंक से पैसे निकालकर घर लौटते वक्त जैन मोहल्ला इलाके में एक ज्वेलर्स की दुकान के पास अपनी बाइक खड़ी की। इसी दौरान आरोपियों ने डिक्की से कैश पार कर दिया। दिनदहाड़े बाजार में हुई वारदात से पुलिस भी सकते में आ गई थी। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले। जांच में नट गिरोह की संलिप्तता सामने आई, जिसके तार रायगढ़ के कापू, जशपुर और पत्थलगांव से भी जुड़े मिले। इसी आधार पर पुलिस टीम ने शहडोल में दबिश देकर 4 आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी चंद्रभान नट उर्फ बबलू, करण साहू, राजू नट और सूरज द्विवेदी ये सभी आरोपी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई थानों में पहले से ही फरार थे। पुलिस के मुताबिक, गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम करता था। बैंक में कैश निकालने वालों पर नजर रखते, फिर टारगेट तय कर मौका मिलते ही डिक्की या बैग पर हाथ साफ कर भाग जाते थे।



---

**पुलिस ने आरोपी पिता को किया गिरफ्तार, पत्नी से किया था प्रेम विवाह**

# वहशी बना पिता, मासूम को पटक-पटक कर मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम करजी में मंगलवार सुबह शराबी पिता ने अपने ही 2 साल के मासूम बेटे हर्षित को बेरहमी से पटक-पटककर मौत के घाट उतार दिया। मासूम की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपी पिता जुगलाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### मौसी के घर से खींच कर लाया था



16 सितंबर की सुबह मासूम हर्षित अपनी मौसी रहमेन के घर खेल रहा था। तभी आरोपी गुस्से में वहां पहुंचा और बेटे का हाथ पकड़कर खींचते हुए अपने घर ले गया। दरवाजे के पास उसने बच्चे को कई बार जमीन पर पटका और लात-घूंसों से घायल कर दिया। गंभीर चोट लगने से बच्चा वहीं बेहोश हो गया। परिजन और ग्रामीण तुरंत बच्चे को जिला अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में मातम छा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दरिमा पुलिस ने आरोपी जुगलाल सिंह को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शराब की लत ने सब बर्बाद कर दिया

*पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जुगलाल सिंह ने 3 साल पहले ग्राम कमलेश्वरपुर निवासी विनीता से प्रेम विवाह किया था। शुरू में सब ठीक रहा, लेकिन जल्द ही शराब की लत और आए दिन के झगड़ों ने रिश्ते को जहरीला बना दिया। पत्नी एक साल पहले मायके मैनपाट के रोपाखार चली गई थी। आरोपी ने कई बार बेटे को अपने पास रखने की जिद की। बेटे को अपने पास लेने के बाद उसने ही उसकी जान ले ली।*

### वारदात से पहले पत्नी को दी थी धमकी

घटना से कुछ घंटे पहले ही आरोपी ने अपनी पत्नी विनीता सिंह को फोन पर कहा कि तेरे बेटे हर्षित को मार डालूंगा। पत्नी ने इसे मजाक समझा, लेकिन कुछ देर बाद ही उसके पास फोन आया कि बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। इस खबर ने मां को गहरे सदमे में डाल दिया।

**लक्षनपुर चौक के पास की घटना, ड्राइवर गिरफ्तार**

# तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर में पुलिस जवान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के लक्षनपुर चौक के पास तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में पुलिस जवान आरक्षक प्रहलाद दिनकर की मौके पर ही मौत हुई है।

घटना मंगलवार की रात करीबन 10 बजे की है। वही ट्रेलर वाहन चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार चांपा थाने में पदस्थ आरक्षक प्रहलाद दिनकर जोकि मंगलवार की रात 9 बजे को थाने में ड्यूटी खत्म कर घर जाने के लिए बाइक से निकाला था। इस बीच पर लछनपुर चौक के पास पहुंचा था कि जांजगीर की ओर से जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए कुचल दिया। जिससे आरक्षक प्रहलाद दिनकर का सिर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



## चिंतन

# भारतवर्ष को एक बार फिर स्वदेशी आंदोलन की जरूरत

अठारह सौ सत्तावन का विद्रोह हो, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन या फिर स्वदेशी आंदोलन, भारत की आजादी की लड़ाई में सारे वो पल थे, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया। इन आंदोलनों ने न केवल आजादी की लड़ाई को तेज धार दी, बल्कि ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को हिलाकर रख दिया। आजादी की इस लड़ाई में स्वदेशी आंदोलन का अहम योगदान रहा। महात्मा गांधी ने 22 अगस्त 1921 को विदेशी कपड़ों की होली जलाकर स्वदेशी' का नारा बुलंद किया। यह घटना न केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था, बल्कि भारतीयों में आत्मसम्मान और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेम जगाने का एक शक्तिशाली कदम भी था। इस ऐतिहासिक क्षण ने स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी भावना को प्रज्वलित करने का काम किया। गांधीजी का मानना था कि स्वदेशी की भावना का पालन करने वाले व्यक्ति को केवल अपने निकटवर्ती पड़ोसियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए और उन उद्योगों को कुशल बनाकर उनकी सेवा करनी चाहिए, और उन क्षेत्रों में उन्हें मजबूत करना चाहिए जहां उनकी कमी है। इससे न केवल गरीबी से मुक्ति मिलेगी बल्कि सहकारिता का भाव भी जागृत होगा। आज देश को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, अपितु एक विचार है। आजादी से पहले विदेशी दासता के विरुद्ध संघर्ष का माध्यम बना था और अब इसे देश के विकास की धुरी बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार में अमेरिका के ट्रम्प टैरिफ का जवाब देते हुए स्वदेशी चीजें खरीदने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वो देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है। हमारे विदेशी प्रेम के चलते न केवल अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है बल्कि हम अनेक चीजों के लिए विदेशी ताकतों के अधीन होकर रह गए हैं। स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का सबसे आसान और कारगर तरीका यही है कि रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं में हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का स्वयं उपयोग करें और दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित करें। प्रशासन, मीडिया आदि के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं का अधिक-से-अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए और स्वदेशी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाए। अब आप जरा ध्यान से समझें कि भारत एक घर है, और अमेरिका या यूरोप दूसरा घर। यदि आप भारत वासी होकर अमेरिका के घर की दुकान से सामान खरीदोगे तो वो पैसा और उसके अंदर की कमाई अमेरिका के घर के सुधार में ही लगेगी, वो पैसा तो गया भारत से। हम अगर अपने स्वदेश की चीजों पर पैसा खर्चेंगे तो जो हमारे उत्पादक भाई बंधु हैं उन्हें और पैसा मिलेगा, इससे वो और अच्छी वस्तुओं का निर्माण करने में लगायेंगे। कुछ त्याग आप और हम करेंगे तो ही ये देश खड़ा होगा, तेज गति से विकास करेगा। विज्ञापनों पर मत जाइये अपनी अक्ल लगाइए। कोई भी वस्तु खरीदें तो याद रखें कि वो देश का भला करने के लिए है या नहीं। स्वदेशी अपनाकर हम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत तो करते ही हैं। स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देते हैं, रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। यह अपनी संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी करता है, इसीलिए जरूरी है कि स्वदेशी को आंदोलन का रूप दें।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# जीएसटी सुधार से मजबूत होंगे एमएसएमई

> ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी।

यकीनन ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। एमएसएमई से जुड़े जीएसटी सुधार प्रमुख रूप से ऑटोमोबाइल, ड्रायफ्रूट्स उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी उत्पाद, परिधान, लॉजिस्टिक्स, हस्तशिल्प, आवास निर्माण उत्पाद क्षेत्रों की इकाइयों को भारी लाभ देंगे। एमएसएमई क्षेत्र में जीएसटी दरों को कम किए जाने की रणनीति आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी।

इससे खासतौर से वस्त्र, खिलौने, हस्तशिल्प, चमड़ा और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, ग्लास, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के एमएसएमई को लाभ होगा। ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी (1800 सीसी) करने से भारत को वैश्विक स्तर पर ट्रैक्टर विनिर्माण में अग्रणी बनने की स्थिति मजबूत होगी। साथ ही इससे संबद्ध एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा। वाणिज्यिक माल वाहनों (ट्रक, डिलीवरी वैन) पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिए जाने से माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स लागत, महंगाई का दबाव कम होने से एमएसएमई को लाभ होगा। ऐसे में निश्चित रूप से जीएसटी की नई स्लैब से आम आदमी, छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को राहत मिलेगी। चाहे आम आदमी के इस्तेमाल की चीज हों, चाहे वह किसानों से जुड़ी वस्तुएं हों, चाहे वह मध्यम वर्ग से संबंधित वस्तुएं हों, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा का क्षेत्र हो, प्रत्येक क्षेत्र में एमएसएमई को दी गई बड़ी जीएसटी राहत अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार देंगी। यद्यपि अब जीएसटी दर घटने से एमएसएमई को कर राहत जरूर मिलेगी, लेकिन इसके अलावा एमएसएमई के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं। सिडबी की रिपोर्ट के मुताबिक अभी एमएसएमई के लिए सरल कर्ज की प्राप्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में लगातार अपनी अहम भूमिका बढ़ाता जा रहा है। विगत 21 जुलाई को राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब




28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकर ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभर कर दिखाई दे रही हैं।

निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहल शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की डगर पर आगे बढ़ रही है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। अब एमएसएमई के बढ़ावा देने की नई योजना, कारोबार में सरलता, वैश्विक बाजार में सरल पहुंच, अनुपालन बोझ में कमी, जीएसटी दरों में सरलता पर ध्यान देना। एमएसएमई को सीधे मदद और प्रक्रियाओं के माध्यम से मदद, दोनों ही डगर पर आगे बढ़ना होगा। इससे उनके व्यापक ढांचे में लचीलापन मिल सकेगा और उनके अनुपालन लागत में भी कमी आएगी। सरकार के द्वारा एमएसएमई के कारोबार करने को आसान बनाने और घरेलू खपत को बढ़ाने के तरीकों पर नए सिरे से आगे बढ़ना होगा। नई सप्लाई चेन और नए बाजारों की तलाश की जान होगी। विदेशों में वेयरहाउसिंग की सुविधा और वैश्विक ब्रांडिंग पहल से भी निर्यात का बाजार बढ़ाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जानी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों कारोबार सरलता, डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, वैश्विक बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी, नई टेक्नोलॉजी के सहयोग, स्किल डेवलपमेंट अनुपालन बोझ में कमी जैसी अहम चुनौतियों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी और इससे देश आगे बढ़ेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अभियान

विवेक शुक्ला



# दो सफल ऑपरेशन के बाद अंतिम सांसें गिनते आतंकी

बीते कुछ महीनों में, विशेष रूप से 2025 में, दो प्रमुख अभियान ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को गहरी चोट पहुंचाई है। ये अभियान आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे कुष्ठ रोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के उदाहरण हैं। इन ऑपरेशनों के सफल परिणामों ने न केवल सीमापार आतंकवादियों और आंतरिक विद्रोहियों को धूल चटा दी है, बल्कि पूरे राष्ट्र को एकजुटता और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया है। ऑपरेशन महादेव जम्मू-कश्मीर की धरती पर एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाण है। जुलाई 2025 में शुरू हुआ यह अभियान, विशेष रूप से पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड्स को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। पहलगाम हमला, जिसमें निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया था, ने पूरे देश को झकझोर दिया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने मात्र 14 दिनों में तीन शीर्ष पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन ने देश-विरोधी ताकतों को धूल में मिला दिया क्योंकि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक झटका था। लश्कर जैसे संगठन, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रतीक हैं, अब भारत की सीमाओं के पास सांस लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। पहले जहां ये तत्व घुसपैठ कर निर्दोषों का खून बहाते थे, अब वे छिपने के लिए मजबूर हैं। उधर, ऑपरेशन महादेव ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी साजिश को कुचलने में सक्षम हैं। नतीजतन, जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में विश्वास बहाल हुआ है। यह सफलता न केवल स्थानीय आबादी को सुरक्षा का आश्वासन देती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करती है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'सिंदूर स्ट्राइक' का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह आतंक के आकाओं को चेतावनी है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का अंजाम विनाशकारी होगा। अब बात करते हैं ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट की, जो नक्सलवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। मई 2025 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर शुरू हुआ यह 24-दिवसीय अभियान, करेगुट्टालु पहाड़ियों जैसे नक्सली किलों को लक्ष्य बनाया गया। नक्सलवाद, जो दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में विकास को बाधित कर रहा था, अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। सुरक्षा बलों ने 31 कुख्यात माओवादियों को मार गिराया, जिनमें टॉप लीडर बसवराजू जैसे नाम शामिल थे, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम था। इसके अलावा, 214 नक्सली ठिकाने और बंकर ध्वस्त किए गए, 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल और 899 कोडेक्स बंडल जब्त किए गए। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि यह नक्सलवाद के 'यूनिफाइड कमांड' को तोड़ने में भी कारगर साबित हुआ। देश-विरोधी ताकतों को धूल चटाने का यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नक्सली लंबे समय से 'रेड टेरर' फैला रहे थे। वे विकास परियोजनाओं को नष्ट करते, निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बनाते और सरकार को कमजोर दिखाने का प्रयास करते। लेकिन ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने इन तत्वों की कमर तोड़ दी। 27 से अधिक विद्रोहियों की मौत, जिसमें शीर्ष कमांडर शामिल थे, ने नक्सल नेटवर्क को विखंडित कर दिया। अब करेगुट्टालु पहाड़ियों पर तिरंगा लहरा रहा है, जो माओवादी किले से शांति का प्रतीक बन गया है। सीआरपीएफ महानिदेशक ने इसे 'नक्सलवाद के अंत की शुरुआत' बताया, जो सही मायने में सत्य है। इन परिणामों से न केवल आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई, बल्कि आदिवासी समुदायों में विकास का द्वार खुला है। स्कूल, अस्पताल और सड़कें अब बिना डर के बन सकेंगी, जो नक्सलियों की सबसे बड़ी हार है। इन दोनों अभियानों की सफलता का श्रेय निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। ऑपरेशन महादेव और ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को पूरी तरह धूल में मिला दिया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां अब इतिहास का हिस्सा बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और गृह मंत्री शाह की रणनीतिक कुशलता ने इन सफलताओं को संभव बनाया। यह विजय न केवल सुरक्षा बलों की बहादुरी का सम्मान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की एकता का प्रतीक भी। भविष्य में, ऐसे अभियान जारी रहेंगे, और भारत एक सुरक्षित, समृद्ध राष्ट्र के रूप में चमकेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित

**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

# हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित

**प्रेरणा**

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाए, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## नारदीय नवरात्र की तैयारी



शारदीय नवरात्र के लिए कुछ की ही दिन बाकी है, दुर्गा पूजा उत्सव से पहले प्रयागराज में एक कारीगर देवी दुर्गा की मूर्ति पर काम करता हुआ।

## आज की पाती

### भारत की कैसी ऋण प्रणाली

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है। लेकिन ये बड़े कारोबारी हमेशा सरकारों और बड़े नेताओं के करीबी होने का फायदा उठाते हैं और इन पर वाजिब कार्रवाई भी नहीं हो पाती।

*- सतीश एक्का, कांकेर*

## ट्रेंड

### चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



एक समय कहा जाता था कि विकास और इकोनॉमी के कार्य एक साथ संभव नहीं हैं। मोदी जी ने यह दिखाया कि कैसे गरीबों का कल्याण और अर्थव्यवस्था का उत्थान समानांतर संभव है। उनके नेतृत्व में भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सिकल सेल एनीमिया



हमारे जनजातीय बहुल इलाकों में सिकल सेल एनीमिया एक बहुत बड़ा संकट होता है। हमारी सरकार जनजातीय भाई-बहनों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय मिशन चला रही है। आज मध्यप्रदेश में ही सिकल सेल स्क्रीनिंग का 1 करोड़वां कार्ड वितरित हुआ है।

**- जेपी नड्डा, सीएम, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार



'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार है। आज केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में दिल्ली में भी इस अभियान का शुभारंभ किया।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बेहद निंदनीय



सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आजीवन कार्य करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले के चैप्टर को राजस्थान यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस पाठ्यक्रम से हटाया जाना बेहद निंदनीय है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# दुनिया संकट के कगार पर शांति पर निवेश होगा करना



वैश्विक सुरक्षा संकेतक स्पष्ट रूप से बताते हैं कि शांति और स्थिरता की स्थिति में गंभीर गिरावट आई है। अधिकांश रिपोर्टों के अनुसार, आज की दुनिया हाल के इतिहास में कहीं अधिक हिंसाग्रस्त और खतरनाक बन चुकी है। साल 2024 में, विश्वभर में राज्य-आधारित संघर्षों की संख्या 1946 के बाद अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। लगातार दस वर्षों से सैन्य खर्च बढ़ रहा है और यह अब वार्षिक 2.7 खरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। सशस्त्र संघर्षों के पीड़ित बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जबकि महिलाओं के अधिकारों पर भी वैश्विक स्तर पर खतरा है। विश्व आज कई जटिल संकटों का सामना कर रहा है। सितंबर 2024 में, संयुक्त राष्ट्र ने 'समिट फॉर द फ्यूचर' का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य शीत युद्ध के बाद बहुपक्षीय प्रणाली के पतन, बढ़ती संघर्ष स्थितियों और मानवीय आपदाओं से निपटने पर चर्चा करना था। ये सभी संकट जलवायु परिवर्तन के युग में उभर रहे हैं। ये संकट आपस में जुड़े हुए हैं, क्योंकि बढ़ती गर्मी और सूखे की स्थितियों के कारण हिंसा की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही, सैन्य बल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और पर्यावरणीय क्षति में भी बड़ी भूमिका निभाते हैं, जो कभी-कभी पर्यावरणीय अपराध के रूप में देखा जाता है।

## ऑफ बीट

# अपच आम बात है पर कभी कभी चिंताजनक भी



मानव शरीर में पाचन तंत्र को दो भागों में बांटा जाता है- ऊपरी और निचला। ऊपरी पाचन तंत्र में मुंह, ग्रसनी, इसोफेगस (अन्ननली), पेट और छोटी आंत का पहला भाग डिओडेनम शामिल होता है। इन हिस्सों से जुड़ी समस्याओं में आमतौर पर डिस्पेप्सिया (अपच) शामिल है, जिसमें पेट फूलना, डकार आना, मतली और भारीपन जैसी शिकायतें देखी जाती हैं। यह स्थिति अम्लता, रिफ्लक्स या वॉटरब्रैश यानी गले में कड़वाहट के रूप में भी सामने आ सकती है। बाजार में अपच से राहत देने वाली कई दवाएं उपलब्ध हैं जैसे कि पेप्टो-बिस्मोल, गैविस्कॉन (जो पेट की अम्लीय परत पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है), और रैनी जैसी चबाने वाली टैबलेट। ओमेप्राजोल जैसी एसिड-घटाने वाली दवाएं भी बिना डॉक्टर के पर्चे के मिलती हैं, लेकिन लंबे समय तक इनका इस्तेमाल गंभीर बीमारियों की पहचान में देरी कर सकता है। अपच के संभावित कारण: तेज मसालेदार भोजन, पेट का संक्रमण, हाइटस हर्निया, गर्भावस्था, मोटापा, धूम्रपान और कुछ दवाएं (जैसे कि आईबुप्रोफेन, एंटीडिप्रेसेंट्स, आयरन टैबलेट्स) अपच का कारण बन सकती हैं। कुछ मामलों में यह हेलिकोबैक्टर पाइलोरी नामक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण भी होता है, जो पेट की परत में रहकर अल्सर का कारण बन सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## पीएम मोदी के 75 वें जन्मदिन पर दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ, यह अपने आप में एक मिसाल, भाजपा ने शुरू किया सेवा व स्वच्छता पखवाड़ा

भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को 75वां जन्मदिन था। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिल रही है। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं।भाजपा ने देशभर में दो हफ्ते का सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। इस दौरान कई राज्यों में 'नमो युवा रन' और रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने हैं। बिहार भाजपा, राज्य में 50 हजार जगहों पर पीएम मोदी पर बनी शॉर्ट फिल्म दिखाएगी। इस अवसर पर देशभर के नेताओं, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, जो अपने आप में एक मिसाल है। पीएम मोदी 140 करोड़ देशवासियों के दिल में बसते हैं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में वे निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### शाह और राजनाथ ने सुनाई मोदी स्टोरी, पार्टी 50 हजार जगहों पर दिखाएगी शॉर्ट फिल्म

**'नमो युवा रन' और रक्तदान शिविर आयोजित**

नेताओं, मंत्रियों और कई हस्तियों ने दी बधाई



कोटा में रक्तदान करते लोग

### जनकल्याण के लिए 5 दशक से अथक प्रयास कर रहे पीएम मोदीः शाह




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री पिछले 5 दशक से भी अधिक समय से लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और वह प्रत्येक नागरिक के लिए 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य की जीवंत प्रेरणा हैं। 'हैप्पी बर्थडे पीएम मोदी' हैशटैग के साथ 'एक्स' पर अपने पोस्ट में शाह ने यह भी कहा कि व्यवस्था में शुचिता, निर्णयों में दृढ़ता और नीतियों में स्पष्टता लाने वाले मोदी जी ने शासन के केंद्र में वंचितों, पिछड़ों, गरीबों, महिलाओं और आदिवासियों को लाने का अविस्मरणीय कार्य किया है। 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की निर्माण यात्रा से उन्हें जोड़ने वाले मोदी जी पर पूरे देश को गर्व है। इसी तरह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी पीएम मोदी को बधाई दी है।


स्पीकर ओम बिरला ने सफाई की

### अच्छी सेहत की कामना करता हूंः राहुल



कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। राहुल ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि पीएम मोदी जी को जन्मदिन मुबारक हो। मैं उनकी अच्छी सेहत की कामना करता हूं।

### भाई बोले- हमने कभी कोई आशा नहीं की

पीएम मोदी के दो चचेरे भाई भरतभाई मोदी अशोकभाई मोदी अब भी वडनगर में रहते हैं। भरतभाई एक छोटे से किराये के मकान में किराने की दुकान चलाते हैं, जबकि अशोकभाई अपनी छोटी सी दुकान में धार्मिक सामग्री और मौसमी सामान बेचते हैं और लगभग 5,000 रुपए प्रति माह कमाते हैं। कभी कोई आशा नहीं की।

### उन्हें लंबी उम्र और सेहत मिलेः खरगे



पीएम मोदी को बधाई देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा कि प्रधामंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उन्हें लंबी उम्र और अच्छी सेहत मिले।

### खेल हस्तियों ने भी दी बधाई



पीएम मोदी के जन्मदिन पर देश की प्रमुख खेल हस्तियों ने शुभकामनाएं दीं। बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने एक भावुक पोस्ट लिखी। टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने कहा प्रधानमंत्री से हर मुलाकात प्रेरणादायक रही है। शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने प्रधानमंत्री की विनम्रता और नवाचार की सराहना की। क्रिकेट जगत से भी कई दिग्गजों ने बधाइयां दीं। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

### मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए बुधवार को कहा कि उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में राधाकृष्णन ने मोदी के दीर्घायु होने, स्वस्थ रहने और देश की सेवा में समर्पित जीवन की कामना की। भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है और एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### गुजरात वासियों को गर्व है कि उनका जन्म गुजरात में हुआ



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सभी उनकी दीर्घायु की कामना कर रहे हैं। गुजरात वासियों को गर्व है कि उनका जन्म गुजरात में हुआ। उनके प्रेरक नेतृत्व ने भारत की वैश्विक छवि को सशक्त किया और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया।

### सूरत में दिव्यांगों को वितरित की गईं 75 व्हीलचेयर



पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर गुजरात के सूरत में 75 दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की गईं। व्हीलचेयर प्राप्त कर दिव्यांगों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट थी। सभी ने एक स्वर में पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की।

### सीएम साय ने 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025' का किया शुभारंभ



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा का शुभारंभ किया।

### गाय को सड़क पर लेकर निकली आप

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आप ने अनोखा प्रदर्शन किया। पार्टी दिल्ली के मुखिया सौरभ भारद्वाज गाय को लेकर सड़कों पर निकल पड़े।

### बड़े पर्दे पर आएगी पीएम की कहानी

पीएम मोदी को जन्मदिन पर देश भर से बधाई और सौगातें मिल रही हैं। फिल्म इंडस्ट्री से भी लोग बधाई दे रहे हैं। इसी बीच एक बड़ा ऐलान भी किया गया है।

### उनकी लंबी आयु की कामना करता हूंः नीतीश



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पीएण मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी और उनकी दीर्घायु की प्रार्थना की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देता हूं और उनकी लंबी आयु की कामना करता हूं।

### वे 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं के संवाहकः योगी



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं-आकांक्षाओं के संवाहक, वैश्विक मंच पर 'नए भारत' को अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित करने वाले, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने वाले हैं।

### पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने दी शुभकामनाएं



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कन्नौज सांसद व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी है। यादव ने एक्स पर लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वस्थ, सार्थक, समावेशी, सकारात्मक जीवन की शुभकामनाओं के साथ जन्मदिन की हार्दिक बधाई।

### बसपा चीफ मायावती ने दी पीएम मोदी को बधाई



बहुजन समाज पार्टी चीफ व उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। मायावती ने लिखा, पीएम मोदी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना।

---

## खबर संक्षेप

### मेरठ में तनाव, 9 घायल अधिकारी मोर्चे पर डटे



मेरठ। जनपद के थाना सरधना क्षेत्र के गांव सलावा में मंगलवार देर रात मछली पकड़ने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो समुदायों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। हमले में राजपूत समाज के 9लोग घायल हो गए। एसपी देहात राकेश मिश्रा और एसडीएम डटे हैं।

### कोटा में बन रहा 215 फीट ऊंचा रावण



**कोटा।** यहां का दशहरा मेलो पर आतिशबाजी की तस्वीर दिमाग में उभर आती है लेकिन इस बार यहां का नजारा और भी निराला रहने वाला है। मैदान में एक ऐसा रावण खड़ा किया जा रहा है, जिसे देख लोग दंग रह जाएंगे। 215 फीट ऊंचा, 12 टन वजनी और लोहे से बना है।

### नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश



**प्रयागराज।** यहां से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के आगे स्लीपर रखकर मंगलवार की रात ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। घटना ऊंचाहार के अरखा व प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच हुई। इसके बाद स्लीपर इंजन से टकराकर टूट गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से किया सवाल, कड़ा रुख अपनाया

# सख्त संदेश देने के लिए पराली जलाने वाले किसानों को गिरफ्तार कर क्यों न जेल भेजा जाए?

सुप्रीम कोर्ट सर्दियों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर चिंता जाहिर करते हुए बुधवार को पंजाब सरकार को कठघरे में लाया। राज्य सरकार से प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में कई सवाल दागे और हल जानना चाहा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सर्दियों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर चिंता जाहिर करते हुए बुधवार को पंजाब सरकार से पूछा कि पराली जलाने वाले कुछ किसानों को गिरफ्तार क्यों न किया जाए ताकि सख्त संदेश दिया जा सके। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि आप खुद फैसला लीजिए, नहीं तो हमें आदेश जारी करना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित एक स्व-प्रेरणा याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने इन राज्यों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को तीन महीने के भीतर रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया।

**3 माह में भरे जाएं रिक्त पद**

**सरकार को गंभीर होना पड़ेगा**

### सीजेआई की पीठ ने कहा- आप खुद फैसला लीजिए, नहीं तो हमें आदेश जारी करना पड़ेगा



#### सीजेआई ने जैव ईंधन बनाने का सुझाव दिया

सीजेआई ने कहा कि पराली का इस्तेमाल जैव ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। हम इसे 5 साल की प्रक्रिया नहीं बना सकते। अगर राज्य वास्तव में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसे कड़े दंडात्मक प्रावधानों पर विचार करना चाहिए।

#### किसान देश की रीढ़ पर पर्यावरण की रक्षा भी जरूरी

पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा से मुख्य न्यायाधीश ने सवाल किया कि पराली जलाने वाले किसानों को जेल भेजने और उन पर जुर्माना लगाने में हिचक क्यों हो रही है? सीजेआई ने कहा कि किसान विशेष हैं और हम उनकी वजह से भोजन करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पर्यावरण की रक्षा न हो। आप दंड के कुछ प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? आप किसानों के लिए दंड के कुछ प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? अगर पर्यावरण की रक्षा करने का आपका सच्चा इरादा है तो फिर आप क्यों कतरा रहे हैं?

#### गिरफ्तारियां नियमित नहीं होनी चाहिए

सीजेआई ने कहा कि इसे वापस क्यों लिया गया? लोगों को सलाखों के पीछे भेजने से सही संदेश जाएगा। इस पर पीठ को बताया गया कि ईपीए दंड का प्रावधान नहीं करता है, बल्कि सीएक्यूएम अधिनियम में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। मुख्य न्यायाधीश ने मेहरा द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियां नियमित नहीं होनी चाहिए।

**पराली जलाने की घटनाओं में आई कमीः मेहरा**

वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि पंजाब सरकार ने पहले ही कई कदम उठाए हैं। प्रदूषण का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। पिछले साल इसमें कमी आई थी और अब इसमें और कमी आएगी। 3वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है। इस वर्ष और भी अधिक हासिल किया जाएगा। हाल के वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं की संख्या 77,000 से घटकर 10,000 रह गई है।

### हरियाणा विलेज कॉमन्स पर 2022 के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा

## भूमि मालिकों के अधिकार बहाल किए

हरियाणा विलेज कॉमन्स के मामले में 2022 के फैसले को पलटते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भूमि मालिकों के अधिकार बहाल कर दिए हैं। 3 जजों की पीठ के इस फैसले को राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। 3 साल पहले सुप्रीम कोर्ट की ही एक अन्य पीठ से पारित आदेश में गांव की साझा जमीनों (कॉमन लैंड्स) को ग्राम पंचायतों को लौटाने का निर्देश दिया गया था। सीजेआई की पीठ ने यह फैसला दिया।

#### हरियाणा सरकार की अपील खारिज

हरियाणा की अपील खारिज करते हुए इस अहम आदेश में चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि हमें वर्तमान मामले के तथ्यों पर स्टार डेसिसिस के सिद्धांत को लागू करने में उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के फैसले में कोई त्रुटि नहीं दिखती। इसमें उस कानून का पालन किया गया है जिसे 100 से अधिक फैसलों में लगातार लागू किया गया है। परिणामस्वरूप, हमें राज्य की अपील में कोई दम नहीं दिखता। इसलिए इसे खारिज किया जाता है।'

#### जमीन ग्राम पंचायत या राज्य के अधीन नहीं

उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए पीठ ने कहा कि हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ के निर्णय और अंतिम आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। वह ग्राम पंचायत या राज्य के अधीन नहीं मानी जा सकती।

#### जमीन का मालिकाना हक पंचायतों का नहीं होगा

शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा था कि पंजाब के एक कानून के तहत भूमि मालिकों से ली गई जमीन का मालिकाना हक पंचायतों का नहीं होगा। कोर्ट ने कहा था कि मालिकों से ली गई भूमि अगर उनकी अनुमेय सीमा से अधिक होने की सूरत में केवल प्रबंधन और नियंत्रण ही पंचायत के पास होगा।

### पटना हाईकोर्ट का फैसला

## कांग्रेस पीएम व उनकी मां वाले सभी एआई वीडियो हटाए जाएं

**पटना।** हाई कोर्ट ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी को दिखाते हुए बिहार कांग्रेस द्वारा पोस्ट किए गए 36 सेकंड के वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एआई-जनरेटेड वीडियो को निजता और सम्मान के अधिकारों के उल्लंघन करार दिया।एक्टिंग चीफ जस्टिस पीबी बजंथरी और जस्टिस आलोक कुमार सिन्हा की खंडपीठ ने 15 सितंबर को विवेकानंद सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने विशेष रूप से फेसबुक, यूट्यूब और एक्स को वीडियो सामग्री के प्रसार को रोकने का निर्देश दिया।

#### वीडियो क्लिपिंग को प्रसारित न किया जाए

पीठ ने मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को प्रतिवादी बताते हुए आदेश दिया कि वे इस कोर्ट द्वारा अगले आदेश पारित होने तक इस विषय वीडियो क्लिपिंग को प्रसारित न करें। कांग्रेस द्वारा पोस्ट किए गए और एआई-जनरेटेड के रूप में चिह्नित विवादित वीडियो में मोदी को अपनी दिवंगत मां के बारे में सपना देखते हुए दिखाया गया है।

## राजद बन गई है कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी, महागठबंधन के भीतर खींचतानः पासवान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने राजद को कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी बताते हुए कहा है कि कांग्रेस का बिहार में कोई जनाधार नहीं है, फिर भी राजद उनके पीछे-पीछे चलता रहा। तेजस्वी यादव की यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि पिछली बार जब तेजस्वी यादव बिहार यात्रा पर निकले थे, तब महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें साइडलाइन कर दिया था। उस समय तेजस्वी यादव ने कांग्रेस नेताओं को आगे रखने का काम किया और यहां तक कि राहुल गांधी की गाड़ी तक चलने का जिम्मा उठाया। पासवान ने कहा कि आज तेजस्वी अकेले यात्रा पर निकले हैं, जिसमें महागठबंधन का कोई साथी उनके साथ नहीं है। 243 सीटों पर चुनाव लड़ने के तेजस्वी यादव के बयान पर चिराग पासवान ने कहा कि इससे साफ झलकता है कि महागठबंधन के अंदर सबकुछ ठीक नहीं है। उन्होंने जोड़ा कि जब मैं 243 सीटों पर लड़ने की बात करता हूं तो कहा जाता है कि एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं है। लेकिन जब तेजस्वी यादव ऐसा कहते हैं तो यह भी दर्शाता है कि महागठबंधन में खींचतान है। यह उनकी चिंता है। एनडीए के तमाम घटक दल मजबूती के साथ चुनाव में उतरेंगे और बिहार में 225 से ज्यादा सीट जीतकर सरकार बनाएंगे।

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर पतंजलि की अनोखी पहल

# पीएम प्रतिभा पुरस्कार से लेकर भारत को विकसित बनाने के अभियान की शुरुआत करने का किया ऐलान

**राजधानी में बुधवार को आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में बोले स्वामी रामदेव**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर पतंजलि ने राष्ट्रीय स्तर की कुछ बेहद अनोखी पहल करने की घोषणा की है। जिसमें स्कूली छात्रों को प्रधानमंत्री प्रतिभा पुरस्कार प्रदान करने के साथ ही आम-जनता के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे और देश को विकसित बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण स्वदेशी अभियान चलाया जाएगा।

नई दिल्ली में 17 सितंबर को आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में स्वामी रामदेव ने यह जानकारी दी। उन्होंने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए सबसे पहले प्रधानमंत्री प्रतिभा पुरस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि इस साल देश के सभी जिलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), राज्य बोर्ड और भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी) के प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और गौरव प्रदान करने के लिए पतंजलि द्वारा 11, 21 और 51 हजार रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा। अपने बधाई संदेश में स्वामी रामदेव ने कहा कि देश के देवतुल्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और उनके हिमालय जैसे व्यक्तित्व में स्वदेशी, स्वधर्म, राष्ट्रधर्म और सनातन धर्म सन्निहित है।




### भारतीय शिक्षा बोर्ड की अहम भूमिका

स्वामी रामदेव ने कहा कि ब्रिटिश कालीन मैकाले के षड्यंत्र से वैचारिक दरिद्रता व गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को बदलने के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड के जरिए प्रथम चरण में 1 लाख और उसके बाद 3 लाख स्कूलों को स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था से जोड़कर देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालकर ऐसे आदर्श व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करना है। जो पूरे विश्व का नेतृत्व कर सकें। उन्होंने ये भी कहा कि भारत को केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति भी बनाना है। सम्मेलन में मौजूद भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एनपी सिंह ने बोर्ड के गठन और इसके वैधानिक स्वरूप के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 750 जगहों पर लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

उन्होंने कहा कि पतंजलि द्वारा देशभर में 750 स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच, योग शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा 750 से अधिक जगहों पर क्रोनिक लीवर डिजीज, फैटी लीवर, लीवर सिरोसिस की निशुल्क औषधि वितरण और उपचार कैंप लगाए जाएंगे। रामदेव ने कहा कि आज देश में करोड़ों लोग हार्ट और लीवर के रोगी हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में जिन असाध्य रोगों का इलाज नहीं है। पतंजलि ने योग-आयुर्वेद, स्वस्थ दिनचर्या और शोध-तथ्य आधारित औषधियों से ऐसे हजारों रोगियों को स्वस्थ किया है।

### भारत को बनाएंगे परम वैभवशाली

योगगुरु ने पतंजलि की दूसरी पहल यानी विकसित भारत अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही अर्थव्यवस्था के शिखर पर रहा है। 250 वर्षों में ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर अनेक कंपनियों ने भारत की 100 ट्रिलियन से अधिक की आर्थिक लूट केवल दो दशकों में ही की है। स्वामी रामदेव के मुताबिक, देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में सर्वोपरि बनाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के आंदोलन को गांव-गांव और घर-घर तक जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। इसके अलावा विकसित भारत के अभियान को साकार करने के लिए स्वदेशी का अभियान चलाकर देश को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए, राष्ट्रनिर्माण के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी को गौरव प्रदान करने के लिए विदेशी ताकतों की लूट से देश को बचाएंगे। जिससे भारत परम वैभवशाली बनेगा। स्वामी रामदेव ने दैनिक जीवन में शून्य तकनीकी की अमेरिकी, विदेशी कंपनियों के बहिष्कार का भी आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल प्रधानमंत्री मोदी का ही नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का है। हमें अपने जुनून और संकल्प से भारत को दुनिया का महानतम देश बनाना है।

**खबर संक्षेप**

## ब्रिटेन में खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर



**लंदन।** ब्रिटेन में अगस्त महीने के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति 3.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। इस आंकड़े के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने का फैसला कर सकता है। अगस्त में रेपो दर को घटाकर चार प्रतिशत किया गया था।

## आयकर विभाग का मैरिको के खिलाफ सर्वेक्षण अभियान




**मुंबई।** आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा द्वारा की जा रही है। कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं।

## रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ 87.84 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर आशावाद के चलते बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 87.84 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच अमेरिकी मुद्रा में व्यापक कमजोरी के कारण ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## पहली छमाही में चाय के निर्यात में मामूली वृद्धि

**कोलकाता।** भारतीय चाय बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में भारत का चाय निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 12 करोड़ 50.1 लाख किलोग्राम हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 12 करोड़ 45.7 लाख किलोग्राम था। इस वर्ष के पहली छमाही में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात सात करोड़ 94.2 लाख किलोग्राम का हुआ। जबकि वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह सात करोड़ 17.7 लाख किग्रा. था।

### अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कार्यक्रम में बोली वित्त मंत्री

# जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था को दो लाख करोड़ मिलेंगे, लोगों के पास होगा ज्यादा पैसा

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये डाले हैं, जिससे लोगों के पास अधिक नकदी उपलब्ध हुई है। अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती।*

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

जीएसटी सुधारों पर एक परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कर सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पांच प्रतिशत कर लगाया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं।

- जीएसटी सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख रुपए डाले
- अन्यथा यह राशि कर चुकाने में ही चली जाती
- 12 फीसदी जीएसटी स्लैब के 99 वस्तुओं पर पांच फीसदी कर लगाया गया




### कंपनियां लाभ देने आगे आ रही

वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली दिग्गज कंपनियों समेत कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है।

### नई पीढ़ी की कर व्यवस्था

सीतारमण ने कहा, "इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था, जिसमें केवल दो स्लैब (पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आए हैं। लोगों के पास ज्यादा नकदी होगी।"

### जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़

*वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो इसके लागू होने के समय वित्त वर्ष 217-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपये था। उनके अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है।*

### जीएसटी लागू करने काफी मशक्कत करनी पड़ी

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है और कहा कि यह स्वतंत्रता के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले के कर ढांचे को 'कर आतंकवाद' बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के तहत जीएसटी को लागू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### देश में रोजगार सृजन होगा

वित्त मंत्री ने कहा कि दरों में बदलाव करने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा - गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्र जो देश में

### नई दरें 22 सितंबर से लागू होगी

सीतारमण ने कहा, "संप्रग सरकार 10 साल तक चली। आप जीएसटी नहीं ला सके। आप राज्यों को जीएसटी के बारे में समझा नहीं सके... मैं कठोर राजनीतिक जवाब दे सकती थी। लेकिन आज नहीं। नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। जीएसटी परिषद ने कर स्लैब को चार (5, 12, 18 और 28) से घटाकर केवल दो (5 और 18 प्रतिशत) कर दिया है। रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।

## शेयर बाजार में दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 313 अंक चढ़ा



- आईटी, बैंक और वाहन शेयरों में निकली खरीदारी
- बाजार भारत व अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता से उत्साहित

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आईटी, बैंक और वाहन शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 313 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 91 अंक चढ़ा। निवेशक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सकारात्मक बातचीत से उत्साहित हैं।

बीएसई के तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 313.02 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 361.26 अंक यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 82,741.95 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 91.15 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 25,330.25 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अमेरिका-भारत के बीच सकारात्मक बातचीत से शेयर बाजारों में तेजी का माहौल रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, ट्रेंट और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील शामिल हैं।

### रुपए में स्थिरता से निवेशकों का भरोसा बढ़ा

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के फिर से शुरू होने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों से भारतीय शेयर बाजारों ने अपनी तेजी बरकरार रखी। रुपये में स्थिरता ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया, जबकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले वैश्विक बाजारों में सतर्कता के साथ कारोबार हुआ।'

## सोना रिकॉर्ड स्तर से 1,300 रुपए फिसला, चांदी भी टूटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सोना घटकर 1.13 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी 1,670 रुपए गिरकर 1,31,200 रुपए प्रति किलोग्राम

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को, दिल्ली सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस कीमती धातु की कीमत 1,800-1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये और 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। फेडरल रिजर्व के महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले से पहले मुनाफावसूली के चलते सोने में कमजोरी रही, क्योंकि प्रतिभागियों ने नतीजों से पहले जोखिम कम कर दिया। बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है, क्योंकि बाजार न केवल ब्याज दरों में कटौती का बल्कि फेडरल रिजर्व के आगे के दिशानिर्देशों का भी इंतजार कर रहे हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "बिना किसी स्पष्ट रूपरेखा के कोई भी तटस्थ रुख या कम नरम रुख वाली टिप्पणियां सर्राफा बाजार में कुछ प्रतिशत की गिरावट ला सकती हैं।"

*सोना एक और चांदी तीन फीसदी टूटी : नीति की घोषणा बाद में की जाएगी। मंगलवार को 3,703.23 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर को छूने के बाद हाजिर सोना लगभग एक प्रतिशत गिरकर 3,664.82 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी करीब तीन प्रतिशत टूटकर 41.38 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

**मार्केट न्यूज**

## दिविता की हीर एक्सप्रेस ने बिखेरा जादू, माता-पिता, दादा-दादी पूरे परिवार के साथ लोग आ रहे हैं सिनेमा




**चंडीगढ़।** बॉलीवुड की नई फैमिली एंटरटेनर 'हीर एक्सप्रेस' के सिनेमाघरों में चल रहे सैंकड़ों हाउसफुल शो इस बात का सबूत हैं कि यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। कहा जा रहा है कि 25-30 सालों बाद ऐसी फिल्म आई है जिसे पूरा परिवार मिलकर देख रहा है। फिल्म में न गालियाँ हैं न कोई वल्गैरिटी और न ही कोई दिखावा। लेकिन परिवार का आपसी प्यार, इमोशंस और रिश्तों की गर्माहट से भरपूर है। थिएटरों में एक साथ तीन पीढ़ियाँ बच्चे, माता-पिता और बुजुर्ग, फिल्म का आनंद ले रहे हैं। फिल्म देखने आए कई बुजुर्ग दर्शकों ने कहा कि हम तो सत्संग से सीधे थिएटर आ गए और साथ ही अपने पोते-पोतियों को भी फिल्म दिखाने लाएं हैं। उनका कहना था कि आजकल ऐसी साफ-सुथरी फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं और हीर एक्सप्रेस देखना सच में दिल को सुकून दे गया है। फिल्म की सबसे बड़ी चर्चा इसकी हीरोइन दिविता जुनेजा को लेकर है। डेब्यू फिल्म में ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। कई कॉलेज स्टूडेंटस ने कहा कि दिविता हमारी रोल माडल बन गई हैं। जिस तरह उन्होंने संघर्ष, परिवार और समाज के बीच अपने सपनों को पूरा किया, वही हमें भी अपनी लाइफ में करना है।

## अपोलो टायर्स घटाएगी 300 से 2000 रुपए तक कीमतें

**नई दिल्ली।** अपोलो टायर्स 22 सितंबर से प्रभावी जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में 300 रुपये से 2,000 रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यात्री वाहनों के टायरों की कीमत में 300 से 1,500 रुपये तक की कमी आएगी, जबकि ट्रक/बस रेडियल टायर की कीमतों में लगभग 2,000 रुपये की कमी आएगी। जीएसटी परिषद ने नए न्यूमेटिक टायर पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है, और ट्रैक्टर टायर व ट्यूब पर जीएसटी की दर घटाकर पांच प्रतिशत कर दी है।



## इंडियन बैंक राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित

**गांधीनगर।** देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, इंडियन बैंक को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2025के दौरान आयोजित हिंदी दिवस समारोह में वर्ष 2024-25के लिए राजभाषा कीर्ति तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

इंडियन बैंक को यह पुरस्कार 'राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन' करने के लिए लगातार दूसरे वर्ष प्राप्त हुआ है।

गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के प्रथम दिन हिन्दी दिवस समारोह-2025 में केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा के कर-कमलों से इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में राजभाषा विभाग के महाप्रबंधक श्री मनोज कुमार दास ने ग्रहण किया।

यह पुरस्कार बैंक की राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन और बैंकिंग कामकाज में राजभाषा हिंदी को लागू करने में प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इंडियन बैंक सदैव "ग्राहक की भाषा मेंग्राहक सेवा" की भावना के साथ देशभर में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

## एसबीआई ने बेची यस बैंक में हिस्सेदारी, जापान की एसएमबीसी के साथ की डील

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जापान की एक प्रमुख वित्तीय संस्था सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) के साथ एक अहम डील पूरी कर ली है। इस सौदे के तहत एसबीआई ने येस बैंक में अपनी 13.18 प्रतिशत हिस्सेदारी 8,889 करोड़ रुपए में एसएमबीसी को बेच दी है। एसबीआई ने येस बैंक के करीब 413.44 करोड़ शेयर एसएमबीसी को बेचे हैं। यह बिक्री 21.50 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से की गई है। इस डील को मंजूरी तब मिली जब एसएमबीसी को भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से जरूरी मंजूरी मिल गईं। आरबीआई ने एसएमबीसी को येस बैंक के बोर्ड में दो निदेशकों की नियुक्ति की भी अनुमति दे दी है। यह डील मई 2025 में एसबीआई के सेंट्रल बोर्ड की कार्यकारी समिति की मंजूरी के बाद हुई। इसके बाद कुछ शर्तें थीं जिन्हें अब पूरा कर लिया गया है, और शेयरों का ट्रांसफर पूरी तरह से कर दिया गया है। एसएमबीसी कौन है? : सुमिटोमो मित्सुई बैंकिंग कारपोरेशन (एसएमबीसी) जापान का प्रमुख वित्तीय संस्थान है और यह **SMFG** का हिस्सा है। यह जापान का दूसरा सबसे बड़ा बैंकिंग समूह है, जिसके पास लगभग 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है। भारत में भी एसएमबीसी विदेशी बैंकों की श्रेणी में एक बड़ा नाम माना जाता है।

## एआई सर्वर, ड्रोन और मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाले सबसे उन्नत चिप्स, 2 नैनोमीटर चिप्स यहीं डिज़ाइन किए

**नई दिल्ली।** माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलुरु में सेमीकंडक्टर डिज़ाइन से जुड़ी कंपनी, एआरएम के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। मंत्री महोदय ने कहा कि एआई सर्वर, ड्रोन और मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाले 2 नैनोमीटर के सबसे उन्नत चिप्स यहीं डिज़ाइन किए जाएँगे। उद्घाटन के बाद बोलते हुए, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआरएम की नई बेंगलुरु इकाई मोबाइल फोन सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए 2 एनएम चिप्स सहित चिप्स डिज़ाइन करेगी। उन्होंने इसे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। मंत्री ने कहा, हमारा उद्देश्य सेमीकंडक्टर के साथ-साथ उनके लिए आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों का डिज़ाइन और निर्माण करना है। यह एक बहुत लंबी दूरदर्शी प्रक्रिया है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया है।



हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा Section 82 (2) (ii) Cr.Pc. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोगिंदर सिंह पुत्र नरेश कुमार** निवासी मकान संख्या A-23A, DDA फ्लैट्स शिवाजी एन्क्लेव रघुबीर नगर, दिल्ली ने **FIR. No. 742/21 U/S 380/511 IPC.** के अंतर्गत थाना: **राजौरी गार्डन,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जोगिंदर सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जोगिंदर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 742/21 U/S 380/511 IPC.,** थाना: **राजौरी गार्डन,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जोगिंदर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट, JMFC-02,
वेस्ट, कमरा नंबर 356, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12329/WD/2025

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | एम.सी. सिरसा में घंटाघर चौक से जीवन सिंह चौक तक 40 मिमी मोटी बिटुमिनस कंक्रीट का निर्माण + 29 अन्य कार्य। | 15.09.2025 23.09.2025 | रु. 698.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9041413303 secymcsirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38808/I/88/7 दि. 17.09.25

## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5992




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5991 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रु | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |



# ओमान के खिलाफ भारत कर सकता है प्लेइंग इलेवन में बदलाव, बुमराह को दिया जाएगा आराम!

एजेंसी ▶▶| दुबई

19 सितंबर को भारत को एशिया कप 2025 में ओमान के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगा। वहीं इस मुकाबले के लिए टीम इंडिया अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव कर सकती है। दरअसल, इस दौरान जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। फिलहाल, भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को अपने मैच खेलेगा।

### 28 सितंबर को फाइनल

इसके बाद 28 सितंबर को फाइनल होगा। ऐसे में टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार ये टीम अगर खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करती है तो उसे सात दिनों में चार मैच खेलने पड़ सकते हैं। टीम प्रबंधन अपने प्रमुख तेज गेंदबाज को आगे के लिए चुनौतीपूर्ण दौर के लिए तरोताजा रखने के महत्व को समझता है।

## भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को खेलेगा मैच



### अर्शदीप या राणा के खेलने की संभावना

बुमराह खुद मैच से बाहर रहना चाहते हैं या नहीं, ये तो कहा नहीं जा सकता। लेकिन ये फैसला व्यावहारिक होने की उम्मीद है क्योंकि उन्हें किसी कम महत्व वाले मैच की जगह टूर्नामेंट के आखिरी चरण के लिए पूरी तरह से तैयार रखना बेहतर है विकल्प है। ऐसी स्थिति में अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा में किसी एक के खेलने की संभावना है।

## श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान को दिखाना होगा आक्रामक खेल

**अबुधाबी।** अफगानिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को एशिया कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मुकाबले में खुलकर आक्रामक खेल दिखाना होगा। बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान को सुपर चार में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को हर हालत में हराना होगा। इसमें जीतने पर उसके श्रीलंका और बांग्लादेश के समान चार अंक होंगे लेकिन उसका रन रेट (2.150) बांग्लादेश (माइनस 0.270) से बेहतर है, जिसके सारे लीग मैच हो चुके हैं।



### अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सकी अफगानिस्तान

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद राशिद खान की कप्तानी वाली टीम से काफी उम्मीदें हैं लेकिन एशिया कप में अभी तक वह अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सकी है। अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार की रात 155 रन का लक्ष्य हासिल करना था लेकिन वह नाकाम रही। राशिद ने मैच के बाद कहा था,' हम उस तरह का आक्रामक क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं, जिसके लिये हम मशहूर हैं। हमने खुद पर काफी दबाव बनने दिया। हमारे गेंदबाजों ने उन्हें 160 रन के नीचे रोक दिया लेकिन बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले।' उन्होंने कहा,' टी20 क्रिकेट में कई बार पहले छह ओवर में ही मैच हाथ से निकल जाता है लेकिन आपको वापसी करनी होती है।'

## खबर संक्षेप



### 9 अक्टूबर से वुमेन्स इंडिया ओपन गोल्फ

**नई दिल्ली।** भारत और दुनिया की कई शीर्ष खिलाड़ी 17वें हीरो वुमेन्स इंडिया गोल्फ टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिसका आयोजन 9 से 12 अक्टूबर तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में किया जाएगा। इस 72 होल के टूर्नामेंट में 28 देशों की 114 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इस बार प्रतियोगिता की इनामी राशि में भी इजाफा किया गया है, जो चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई। प्रतियोगिता की विजेता को 75 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। भारतीय महिला गोल्फ संघ (डब्ल्यूजीएआई) की अध्यक्ष कविता सिंह ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देखते हुए कहा, 'प्रतियोगिता की इनामी राशि चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई है। हम बेहद रोमांचित है क्योंकि हमारी खिलाड़ियों के लिए यह काफी मायने रखता है। हमारे लिए यह बेहद गर्व की बात है लेकिन महिला टूर को जरूरी पहचान मिल रही है।'

### छह निशानेबाजों की उड़ान छूटी

**पुणे।** चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गोवा जा रहे पुणे के छह राइफल और पिस्टल निशानेबाज हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके हथियारों और कारतूस को स्वीकृति देने में कथित देरी के कारण अपनी उड़ान से चूक गए। सभी निशानेबाजों की उम्र 18 साल से कम है और उन्हें गोवा में होने वाली 12वीं पश्चिम क्षेत्र निशानेबाजी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए अकासा एयर के विमान से उड़ान भरनी थी। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अकासा एयर ने कहा कि निशानेबाज 'विशेष निशानेबाजी उपकरणों की मौजूदगी में उनके सामान से जुड़ी अतिरिक्त सुरक्षा प्रक्रियाओं' के कारण विमान में सवार नहीं हो सके। विमान कंपनी ने कहा कि उनकी टीम आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की जा रही है।



### लिवरपूल में नहीं जीतती तो दोबारा नहीं खेलूंगी

**नई दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला। तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने कहा,' इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी।' उन्होंने कहा,' मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं।'



## वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 : जैवलीन थ्रो का फाइनल आज

# नीरज ने फाइनल में की जगह पक्की पहले राउंड में फेंका 84.85मी. भाला

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारत के स्टार जैवलीन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 जैवलीन थ्रो इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। नीरज चोपड़ा ने पहले ही राउंड में 84.85 मीटर भाला फेंककर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस इवेंट का फाइनल 18 सितंबर गुरुवार को होगा।

### डिफेंडिंग चैंपियन हैं नीरज

नीरज चोपड़ा को इस इवेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए 84.50 मीटर भाला फेंकना था और उन्होंने पहले ही राउंड में इस बाधा को पार करते हुए ये उपलब्धि अपने नाम कर ली। नीरज चोपड़ा मौजूदा समय में भारतीय एथलीट विश्व चैंपियनशिप में जैवलीन थ्रो इवेंट के विजेता हैं और साल 2023 में उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा इस इवेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं और वे जान जेलेजनी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) के बाद इतिहास में वर्ल्ड जैवलिन टाइटल को लगातार दो बार जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे।






सचिन यादव (भारत) 83.67 मीटर

### ग्रुप-ए से फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले टॉप-12 एथलीट

| | |
|---|---|
| जूलियन वेबर (जर्मनी) | - 87.21 मीटर |
| डेविड वेगनर (पोलैंड) | - 85.67 मीटर |
| नीरज चोपड़ा (भारत) | - 84.85 मीटर |
| जैकब वाडलेज (चेक गणराज्य) | - 84.11 मीटर |
| केशोर्न वालकॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो) | - 83.93 मीटर |
| सचिन यादव (भारत) | - 83.67 मीटर |
| एडिस माटुसेविसियस (लिथुआनिया) | - 82.78 मीटर |
| सुमेधा रणसिंघे (श्रीलंका) | - 81.86 मीटर |
| साइप्रियन मृजीग्लोड (पोलैंड) | - 81.47 मीटर |
| लस्सी एटेलटालो (फिनलैंड) | - 81.33 मीटर |
| मार्क एंथोनी मिनिचेलो (USA) | - 80.47 मीटर |
| कीशॉन स्ट्रेचन (बाहमास) | - 80.03 मीटर |

### 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ जीता था गोल्ड मेडल

नीरज ने साल 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे जबकि और याकुब वडलेच (86.67 मीटर थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार नीरज चोपड़ा के अलावा वर्ल्ड नंबर वन जूलियन वीबर ने दूसरे प्रयास में 87.21 मीटर थ्रो करते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। जूलियन वीबर ने पहले प्रयास में 82.29 मीटर थ्रो किया था। नीरज के साथ ग्रुप ए में भारत के सचिन यादव भी थे, जिन्होंने पहले प्रयास में 80.16 मीटर थ्रो किया। दूसरे प्रयास में भी सचिन फेल हो गए और उन्होंने 83.67 मीटर थ्रो किया। उन्होंने तीसरे प्रयास में 82.63 मीटर थ्रो किया और फाइनल में पहुंचने से चूक गए।



### नीरज बनाम नदीम

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में नीरज को पाकिस्तान के अरशद नदीम से कड़ी चुनौती मिलेगी। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम की चुनौती का सामना करेंगे। ऐसे में उनके पास पेरिस ओलंपिक में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का शानदार मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, चोपड़ा को 89.45 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था।

### जूलियन वेबर ने दूसरे प्रयास में किया क्वालीफाई

नीरज ने लगातार 5वीं ग्लोबल चैंपियनशिप में ऐसा किया जब फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें सिर्फ एक प्रयास की जरूरत पड़ी। इससे पहले वह 2021 ओलंपिक, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक में ऐसा कमाल कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा पर अब फाइनल में लगातार दूसरी बार इतिहास रचने पर निगाहें लगी होंगी। नीरज के अलावा जर्मनी के जूलियन वेबर ने 87.21 मीटर थ्रो के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने दूसरे प्रयास में फाइनल का टिकट हासिल किया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज

# गरजा स्मृति का बल्ला, 77 गेंद में शतक ठोककर रचा इतिहास




एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में महिला टीम इंडिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है।

इसके पहले मैच में फिफ्टी जड़ने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मांधना ने दूसरे मैच में धमाल मचाया और 77 गेंद में वनडे करियर का 12वां शतक ठोका। इसके चलते महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली मांधना तीसरी बैटर बनी।

■ महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली तीसरी बैटर बनी मांधना

### मांधना-प्रतीका के बीच 70 रनों की साझेदारी

न्यू चंडीगढ़ के मैदान में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसका फायदा महिला टीम इंडिया की ओपनर स्मृति मांधना ने उठाया। मांधना ने एक छोर संभाले रखा और प्रतीका रावल के साथ मिलकर 70 रनों की साझेदारी निभाई। तभी रावल 32 गेंद में चार चौके से 25 रन बनाकर चलती बनी। लेकिन इसके बाद हरलीन देओल (10) और हरमनप्रीत कौर (17) जहां कुछ नहीं कर सकी तो स्मृति ने बल्ले से जवाब देना जारी रखा।

## चाइना मास्टर्स

# सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| शेनजेन

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया।

■ मलेशिया के आरिफ और याप को 42 मिनट में हराया

### पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त

वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई। महिला एकल में पीवी सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

## साल्ट का अर्धशतक, इंग्लैंड ने पहले टी20 में आयरलैंड को चार विकेट से हराया

**डबलिन।** सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट की 89 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को यहां पहले टी20 मैच में आयरलैंड को 14 गेंद रहते चार विकेट से हरा दिया। हैरी ब्रुक की जगह टीम की अगुआई करने वाले 21 वर्षीय जैकब बेथेल इस तरह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड की कप्तानी करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 196 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड ने 17.4 ओवर में छह विकेट पर 197 रन बनाकर जीत सुनिश्चित की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 141 रन की शानदार पारी के एक हफ्ते से भी कम समय बाद साल्ट ने 46 गेंद में 89 रन बनाए जिसमें 10 चौके और चार छक्के शामिल थे। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आयरलैंड के लिए हैरी टेक्टर ने नाबाद 61 रन और लोरकान टकर ने 55 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टी20 मैच शुक्रवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

## एशिया कप का बहिष्कार नहीं करेगा पाकिस्तान

**दुबई।** पाकिस्तान ने एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस ले ली है लेकिन मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को लेकर उसका ऐतराज बरकरार है और पीसीबी ने टीम के बाकी मैचों में जिम्बाब्वे के इस मैच रैफरी की जगह रिची रिचर्डसन को जिम्मेदारी देने की मांग की है। समझा जाता है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी को एक और ईमेल लिखकर पाइक्रॉफ्ट को उसके सारे मैचों से हटाने की मांग की है, जिसे अभी तक आईसीसी ने माना नहीं है। पाइक्रॉफ्ट को पाकिस्तान और यूएई के बीच आज शाम को होने वाले मैच में भी रैफरिंग करनी है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत भारतीय टीम ने रविवार को मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा मैच के बाद पुरस्कार समारोह में नहीं आए।



## मेस्सी के गोल से इंटर मियामी जीता ...



**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने सीएटल सोंडर्स को 3-1 से हराया। सोंडर्स ने लीग कप फाइनल में 31 अगस्त को इंटर मियामी को 3-0 से हराया था। मेस्सी ने 12वें मिनट जोर्डी अल्बा को पास दिया, जिन्होंने मियामी को बढ़त दिलाई।

## सेमीफाइनल में अंतिम ज्योति और राधिका बाहर

**जाग्रेब।** अंतिम पंघाल ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पांचवें दिन बुधवार को चीन की जिन झांग के खिलाफ आखिरी क्षणों में 'टेक-डाउन' (जमीन पर गिराकर अंक बनाना) करके महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और भारत की पदक की उम्मीद बरकरार रखी लेकिन राधिका और ज्योति बेरीवाल बाहर हो गईं। अपने दूसरे विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में जुटी युवा अंतिम ने अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की जब उन्होंने स्पेन की कार्ला जैम सोनेर को मात्र 23 सेकेंड में नॉकआउट कर दिया लेकिन झांग के रूप में उन्हें एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी मिली, जिसे उन्होंने 9-8 से हरा दिया। अंतिम ने दो अंक के साथ झांग को असंतुलित करके 'डबल-लेग टेक-डाउन' किया। भारतीय खिलाड़ी ने 'हेड-लॉक' मूव के साथ अपनी बढ़त दोगुनी कर दी, जिसे उन्होंने टेक-डाउन में बदल दिया।

## चैंपियंस लीग फुटबॉल : मैड्रिड ने मार्सिले को 2-1 से हराया

# 200 मैच जीतने वाली पहली टीम बनी रीयल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबाप्पे ने पेनल्टी पर दो गोल दागे, जिससे 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल के पहले दिन मार्सिले को 2-1 से हराया। इस जीत का मतलब है कि 15 बार का चैंपियन मैड्रिड 1990 के दशक की शुरुआत में प्रतियोगिता को नए सिरे से पेश किए जाने के बाद 200 जीत तक पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी जाबी अलोंसो ने इसके साथ क्लब के कोच के रूप में अपने चैंपियन्स लीग पदार्पण में जीत के साथ आगाज किया। टिमोथी वीह ने शुरुआत में ही मार्सिले को बढ़त दिला दी लेकिन एमबाप्पे ने 29वें और 81वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। एमबाप्पे के अब मैड्रिड के लिए 64 मैच में 50 गोल हो गए हैं। टोटेनहैम ने गोलकीपर लुईज जूनियर के आत्मघाती गोल से विलारीयाल को 1-0 से हराया।




तूरिन में बोरुसिया डोर्टमंड और यूवेंटस ने 4-4 से ड्रॉ खेला जबकि काराबेग ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेनफिका को 3-2 से हराया। आर्सेनल ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया जबकि टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे बेल्जियम के यूनियन सेंट गिलोइसो ने पीएसवी आइंडहोवेन को 3-1 से शिकस्त दी।

### गोलकीपर को मारी टक्कर कार्वाजल को लाल कार्ड

चैंपियन्स लीग के मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रुली को सिर से टक्कर मारने के बाद रीयाल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रुली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था।

## एसएफजे का भारत विरोधी प्रदर्शन

# वैंकूवर दूतावास को घेरने की खालिस्तानी साजिश भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर (कनाडा)

अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे)' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है।

**आज वाणिज्य दूतावास पर कब्जा करने का ऐलान**

**भारतीय मूल के नागरिकों को दूतावास न आने की अपील**



### निज्जर की हत्या का उल्लेख

*संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितंबर 2023 को तत्कालीन कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व पीएम के बयान के करीब दो साल बाद सितंबर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन- एसएफजे ने कहा, दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंदरजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी।*

### एसएफजे ने लगाए बेतुके आरोप



एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे।

### खालिस्तान की मांग कर रहे

हाल ही में कनाडाई सरकार ने एक आंतरिक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें स्वीकार किया गया है कि चरमपंथी खालिस्तानी समूहों को कनाडा में रहने वाले कुछ लोगों और नेटवर्क से आर्थिक मदद मिल रही है। 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' और 'इंटरनेशनल एसवाईएफ' जैसे संगठनों का नाम शामिल है। कनाडाई कानून के तहत इन्हें आतंकी संगठन घोषित किया गया है। अब ये उग्रवादी समूह छोटे-छोटे गुटों के रूप में काम कर रहे हैं, जो किसी बड़े संगठन से सीधे जुड़े नहीं हैं, लेकिन खालिस्तान के समर्थन में सक्रिय हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर, 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक ने दिया इसका साक्षात प्रमाण

# आज भारत किसी के निर्देश पर नहीं चलता, वो अपनी पटकथा खुद लिखता है: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत, दृढ़ और नया भारत जहां एक ओर संवाद में विश्वास रखता है। वहीं, वह उन लोगों को भी करारा जवाब देना भी जानता है जो शांति और सद्भावना की भाषा नहीं समझते हैं।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में शिरकत की। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में संदेश देते हुए कहा कि जब बातचीत विफल हो जाती है यानी उससे कोई समाधान नहीं निकलता है। तब हम कठोर शक्ति का रास्ता अपनाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर, 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और उसके बाद 2019 में की गई बालाकोट एयरस्ट्राइक इसके महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप में हमारे सामने है। जिससे ये साफ हो जाता है कि आज भारत किसी के निर्देश पर नहीं चलता बल्कि वो अपनी पटकथा खुद लिखता है। यह सैन्य अभियान भारत की कमजोरी नहीं बल्कि उसके धैर्य और ताकत की मिसाल हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत, दृढ़ और नया भारत जहां एक ओर संवाद में विश्वास रखता है। वहीं, वह उन लोगों को भी करारा जवाब देना भी जानता है जो शांति और सद्भावना की भाषा नहीं समझते हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर रक्षा मंत्री के भाषण को मीडिया से साझा किया है।




### दोहराया, ऑपरेशन सिंदूर जारी है

उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म को आधार बनाकर 26 निर्दोष लोगों की हत्या की थी। जिसका जवाब हमारी सशस्त्र सेनाओं ने अपने कर्म को आधार बनाकर ऑपरेशन सिंदूर अभियान के जरिए दिया। पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकियों को मार गिराया गया और उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। राजनाथ ने दोहराते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। यह फिलहाल स्थगित है। सीमापार से कोई और आतंकवादी गतिविधि होने की स्थिति में इसे फिर से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने इस सैन्य अभियान के दौरान संघर्षविराम को लेकर किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को अस्वीकार कर दिया था। साथ ही कहा था कि कोई भी तीसरा पक्ष भारत के आंतरिक मामलों में दखल नहीं दे सकता है।

### सराही लौह पुरुष की भूमिका

*राजनाथ सिंह ने उत्तर और दक्षिण को एकजुट करने में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका की सराहना की। उन्होंने हैदराबाद मुक्ति दिवस और पीएम मोदी के जन्मदिन के एक ही दिन पर पड़ने के अवसर पर कहा कि सरदार पटेल की तरह ही हमारे प्रधानमंत्री भी देश को सांस्कृतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। भारत में बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री को देते हुए रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 1948 में रजाकारों की साजिश नाकाम हो गई थी। उसी तरह से आज पाक प्रायोजित आतंकवाद और उसके एजेंट नाकाम हो गए हैं। भारत ने पुनः ऑपरेशन सिंदूर के जरिए करारा जवाब दिया है। जिसके जरिए हमने ये साबित कर दिया है कि भारत की एकता और सांस्कृतिक विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।*

## बोला जैश कमांडर, मसूद अजहर ने रची भारत की संसद से लेकर मुंबई आतंकी हमले की साजिश

# दुनिया के सामने फिर बुरी तरह से बेनकाब हुआ पाकिस्तान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के खिलाफ दशकों से जारी पाकिस्तान के आतंकी मंसूबे एक बार फिर से पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हो गए हैं। इसका खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि देश की संसद से लेकर आर्थिक राजधानी मुंबई पर किए गए हमले के असल गुनहगार आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने किया है। उसने कहा कि भारत के संसद भवन से लेकर 26-11 मुंबई आतंकी हमलों की पाकिस्तान के बालाकोट में बैठकर योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने तक में मौलाना मसूद अजहर का हाथ था। भारत की राष्ट्रीय राजधानी की तिहाड़ जेल से छूटने के बाद पाकिस्तान पहुंचने पर उसने इन हमलों की योजना बनाई थी। बता दें, इन दोनों आतंकी हमलों से जुड़े मामले को लेकर भारत ने पूर्व में कई बार पाकिस्तान के सामने पुख्ता सबूत रखे थे। लेकिन पड़ोसी दुश्मन देश द्वारा उन्हें कभी भी गंभीरता से नहीं लिया गया और हर बार नकारा गया। हालांकि मसूद अजहर लंबे समय से भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची में शामिल है।



### भारत ने किए मसूद के परिवार के टुकड़े-टुकड़े

गौरतलब है कि पूर्व में जैश कमांडर ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय फौज की कार्रवाई में बहावलपुर में मौलाना मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई की मध्यरात्रि के बाद पाक और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में यह सैन्य अभियान चलाया था। जिसमें आतंकियों के कुल 9 कैंपों को नेस्तनाबूद किया गया, जैश और लश्कर समेत अन्य आतंकी संगठनों के कुल 100 से अधिक आतंकवादी मार गिराए गए। भारत का ये सैन्य अभियान अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। इस पर फिलहाल अस्थायी विराम लगाया गया है। भविष्य में पाक ने अगर दोबारा से भारत के खिलाफ कोई आतंकी हमला करने की कोशिश की तो उसे तुरंत उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

### बालाकोट एयरस्ट्राइक में उड़ाया जैश का ठिकाना

पाकिस्तान लगातार अपनी जमीन से जारी आतंकवादी गतिविधियों को लेकर अपना पल्ला झाड़ता रहा है। जैश कमांडर के इस कबूलनामे ने उसके इस झूठे दावे की सबके सामने पूरी तरह से पोल खोलकर रख दी है। कश्मीरी ने बताया कि पाकिस्तान के बालाकोट और बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के महत्वपूर्ण ठिकाने रहे हैं। जिनमें से बालाकोट के आतंकी अड्डे को भारत ने 2019 में जैश द्वारा किए गए पुलवामा हमले के जवाब में की गई बालाकोट एयरस्ट्राइक के जरिए ध्वस्त कर दिया था। पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन के हमले में सीआरपीएफ के कुल 40 जवान शहीद हो गए थे।

### बालाकोट की मिट्टी का जताया अहसान

जैश कमांडर के मुताबिक, दिल्ली की जेल से मसूद अजहर बालाकोट आते हैं। यहां की मिट्टी ने उन्हें पनाह दी। बालाकोट की मिट्टी के हम अहसानमंद हैं और इसका किरदार कयामत का हमारी याद में रहेगा। दिल्ली और मुंबई को दहलाने वाला मसूद अजहर इसी मिट्टी पर ही नजर आता है। भारत ने 7 मई को बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय से लेकर मस्जिद सुभान अल्लाह पर हमला कर मसूद के कई सदस्यों को मारा था।

## खबर संक्षेप

### रूस का यूक्रेन पर हमला दागे 100 ड्रोन व 150 बम

**कीव।** रूसी सेना ने मंगलवार को यूक्रेन के जपोरिजिया शहर पर बड़े हमले किए। रूसी सैनिकों ने 100 से



अधिक ड्रोन और लगभग 150 ग्लाइड बम दागे। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि अन्य यूक्रेनी शहरों पर भी हमले हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो हफ्तों में रूस ने 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम और लगभग 200 मिसाइलें यूक्रेन के अंदर दागी हैं। समय आ गया है कि हम यूरोप की संयुक्त सुरक्षा बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली से करें। इसके लिए तकनीकें उपलब्ध हैं।

### निजी डेटा चुराने वाली 340 वेबसाइटों का पता लगाया

**एबूजा।** माइक्रोसॉफ्ट ने नाइजीरिया में तेजी से बढ़ रही एक सेवा से जुड़ी 340 वेबसाइटों का पता लगाया है,



जो यूजर्स को फिशिंग अभियान चलाने की अनुमति देती और 5,000 माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ताओं के निजी क्रेडेंशियल डेटा चुराती थीं। माइक्रोसॉफ्ट की डिजिटल क्राइम यूनिट के सहायक महाधिवक्ता स्टीवन मसाडा ने मंगलवार को बताया कि माइक्रोसॉफ्ट को इस माह की शुरुआत में मैनहट्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय से आदेश मिला था।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# कहा–"पंजाब बाढ़ पीड़ितों को और बड़ा राहत पैकेज मिले"

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि पंजाब में बाढ़ से अभूतपूर्व तबाही हुई है, लाखों लोग बेघर हो गए हैं और फसलों व पशुधन को भारी नुकसान पहुंचा है। उनके हालिया पंजाब दौरे के दौरान उन्होंने बाढ़ की भयावह तस्वीर को देखा। उन्होंने कहा कि 4 लाख एकड़ से अधिक धान की फसल नष्ट हो चुकी है और 10 लाख से अधिक पशुओं की मौत हो गई है। बाढ़ ने लाखों परिवारों, विशेषकर हाशिए पर खड़े समुदायों को बेघर कर दिया है। हजारों एकड़ ज़मीन अब भी डूबी हुई है और कई गांवों का संपर्क कटा हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1,600 करोड़ के प्रारंभिक राहत पैकेज को अपर्याप्त बताया। कहा पंजाब को कम से कम 20,000 करोड़ का नुकसान हुआ है। ऐसे में मात्र 1,600 करोड़ की सहायता एक तरह से पंजाब के साथ अन्याय है। उन्होंने पीएम से आग्रह किया कि नुकसान का त्वरित आकलन कराया जाए और एक व्यापक राहत पैकेज जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब फिर से खड़ा होगा।

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने कार्यक्रम में सहभागिता की

# पीएम मोदी का जीवन साधना तपस्या और सेवा का उदाहरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बसी.एच.सी, साकेत में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता की और धार, मध्य प्रदेश से पीएम नरेंद्र मोदी के लाइव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि पीएम जी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली, विकसित और



आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम के जन्मदिन के अवसर पर 'सेवा पखवाड़े' की शुरुआत एक खास पहल है। आज से ही 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' का भी शुभारंभ हो रहा है। आरोग्य मंदिर में महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए हैं।

# बिहार चुनाव: चिराग मांगें 40, मांझी मांगें 20 गठबंधन में रहने की इतनी बड़ी फीस?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे की खींचतान तेज़ हो गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भाजपा को चेतावनी दी है कि उनके वोटों का असर हर विधानसभा क्षेत्र में 20 से 25 हज़ार तक हो सकता है। उन्होंने राजग गठबंधन के अगुआ भाजपा के लिए चुनौती पेश कर दी है। चिराग पासवान की नजर 40 सीटों पर है। जबकि गठबंधन में उन्हें 25 सीटों में एडजस्ट करने की जद्दोजहद चल रही है। अब बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर चिराग हार्ड बार्गेनर" के रूप में दिख रहे हैं। सूबे में कुल 243 सीटें हैं। राजग गठबंधन में भाजपा, जदयू के बीच सीटें बटने के बाद अभी तक 43 सीट पर बाक़ी दलों को समेटने की योजना थी लेकिन चिराग ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिहार में तक़रीबन 6 फ़ीसदी पासवान मतदाता हैं। चिराग का दावा है पासवान वोटों का गणित उनके पक्ष में है। हर बूथ पर पासवान वोटर हैं। इसलिए चिराग ने दबाव बढ़ा दिया है। वहीं, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने भाजपा और जदयू से कहा है कि उनकी पार्टी को कम से कम 15 से 20 सीटें मिलनी चाहिए। मांझी ने कहा कि वे "सिर्फ नाम मात्र की सीटों" से संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो उनकी पार्टी "अकेले मैदान में उतरने" पर मजबूर हो जाएगी। राजग की दोनों छोटी सहयोगी पार्टियों की सीट-मांग से भाजपा और जदयू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भाजपा चाहती है कि गठबंधन में सभी दल बने रहें, लेकिन ज्यादा सीटें देने से उसके अपने हिस्से पर असर पड़ सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारा ही एनडीए के लिए सबसे बड़ी परीक्षा है। छोटी पार्टियाँ अब सिर्फ सहायक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका चाहती हैं।

## केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने नड्डा ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल बेहद जरूरी: नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, जागरूकता और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है। अभियान की अवधि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक रखी गई है। पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" का शुभारंभ हुआ। रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में नड्डा ने प्रदर्शनी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा, सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में "स्वस्थ माँ, सुरक्षित शिशु – मजबूत समाज की नींव" जैसे प्रेरक संदेशों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की झलक दिखाई गई।

### क्षय रोग उन्मूलन पर विशेष फोकस



निक्षय पोषण योजना पर आधारित पैनलों के माध्यम से बताया कि टीबी रोगियों को उपचार के दौरान प्रतिमाह 1000 रुपए पोषण सहायता सीधे बैंक खाते में दी जाती है। इसके लिए टीबी आरोग्य साथी ऐप और उमंग ऐप के जरिए सत्यापन और ट्रैकिंग की सुविधा भी समझाई गई।

### महिलाओं ने ली जानकारी

स्टॉलों पर कैंसर स्क्रीनिंग, एनीमिया नियंत्रण, थैलेसीमिया जांच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और क्षय रोग से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। प्रदर्शनी के दौरान पोषण अभियान को लेकर पोस्टर लगाए गए, जिनमें बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित आहार, स्तनपान के महत्व और एनीमिया नियंत्रण जैसे बिंदुओं को शामिल किया गया। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने छोटा राजन की ज़मानत रद्द की

# हत्या के मामले में हाईकोर्ट का आदेश निरस्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निखलजे उर्फ़ छोटा राजन की ज़मानत रद्द कर दी है। अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया, जिसके तहत राजन को पिछले वर्ष जमानत दी गई थी। मामला मशहूर होटलियर जया शेट्टी की हत्या से जुड़ा है, जिन्हें कथित तौर पर छोटा राजन के गिरोह ने इसलिए मार डाला था क्योंकि उन्होंने रंगदारी देने से इनकार कर दिया था। सीबीआई ने इस हत्याकांड की जांच कर आरसी.9/एस/2016 दर्ज किया था। लंबी सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने 30 मई 2024 को छोटा राजन को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 23 अक्टूबर 2024 को उसे राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली थी। सीबीआई ने हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने 17 सितम्बर 2025) सीबीआई की दलीलों को स्वीकार करते हुए कहा कि हाईकोर्ट का आदेश टिकाऊ नहीं है और ऐसे गंभीर अपराध में दोषसिद्ध व्यक्ति को जमानत नहीं दी जा सकती।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109